हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–104 : जौनपुर, गुरुवार 09 जून 2022 — सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) — पेज –4 — मूल्य : 2 रूपया

## भाजपा के सभी नौ उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन : सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय

लखनऊ ब्यूरो : यूपी विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा के नौ उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल कर दिया है। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप के कोरोना संक्रमित होने के कारण उनके प्रतिनिधि ने नामांकन दाखिल किया है। भाजपा के उम्मीदवारों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी, सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र दयालु, जसवंत सैनी, दानिश आजाद अंसारी, भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा और बनवारीलाल दोहरे ने नामांकन दाखिल किया। प्रदेश में 13 विधान परिषद सीटों के लिए नामांकन दाखिल किए गए हैं। जिसमें से भाजपा के नौ और सपा के चार उम्मीदवार हैं। सभी का निर्विरोध निर्वाचन तय है। केशव मौर्य और भूपेंद्र सिंह का कार्यकाल 6 जुलाई को समाप्त हो रहा है। जबकि सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप, आयुष, खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु, संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी, अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी किसी भी सदन के सदस्य नहीं है। भाजपा ने केशव और भूपेंद्र सिंह सहित सभी सात मंत्रियों को भी विधान परिषद भेजने का निर्णय लिया है। कन्नौज सदर से पूर्व विधायक बनवारीलाल दोहरे ने विधानसभा चुनाव में एडीजी असीम अरुण के लिए सीट छोड़ी थी। असीम अरुण उस सीट पर



जीतकर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाए गए है। पार्टी ने जाटव वोट बैंक को साधने के लिए दोहरे को विधान परिषद का टिकट दिया है। इसी तरह भाजपा के लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा विधानसभा चुनाव में लखनऊ कैंट से टिकट की दावेदारी कर रहे थे। लखनऊ कैंट से पार्टी ने तत्कालीन विधि एवं न्याय मंत्री ब्रजेश पाठक को टिकट दिया था। पाठक लखनऊ कैंट से चुनाव जीतकर योगी सरकार में उप मुख्यमंत्री बनाए गए है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के करीबी मुकेश शर्मा को अब विधान परिषद का टिकट दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक पार्टी ने विधानसभा चुनाव में लखनऊ से ब्राह्मण उम्मीदवार कम किए थे। मुकेश शर्मा को परिषद भेजने के जरिए उसकी भी पूर्ति की गई है।विधान परिषद चुनाव में निर्विरोध निर्वाचन तय राज्यसभा चुनाव के बाद अब विधान परिषद चुनाव में भी सभी 13 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। भाजपा ने नौ और सपा ने चार प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। ऐसे में 14वें प्रत्याशी के नामांकन दाखिल नहीं करने पर भाजपा के नौ और सपा के चार सदस्य निर्विरोध निर्वाचित होंगे। गौरतलब है कि बीते दिनों राज्यसभा की भी 11 सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा के आठ और सपा के तीन प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## 13 जून को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला का होगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : सहायक शिशिक्षु परामर्शदाता/प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने अवगत कराया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर जौनपुर के परिसर में 13 जून 2022 को प्रातः 10.30 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला (PMNAM) का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद जौनपुर के सरकारी/निजी, उद्योग एवं अधिष्ठान जैसे– विद्युत विभाग, पी0डब्लू0 डी0, नलकूप खण्ड, यू0ए0एल0 उत्तर प्रदेश, एच0आई0एल0 लिमिटेड, सिद्धार्थ रोलिंग एण्ड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, रैपिड इन्फोटेक, पुनीत आटोमोबाइल आदि प्रतिभाग करेंगे। फिटर, विद्युत, टर्नर, मशीनिष्ट एवं ड्राफ्ट्समैन सिविल व अन्य व्यवसाय से आई0टी0आई0 उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। मेंले में प्रतिभाग किये जाने हेतु भारत सरकार के पोर्टल ृचचतमदजपबमीपचपदकपं.हवअ.पद पर अपना पंजीकरण करवाकर अपनी प्रोफाइल की प्रति लागिन आईडी और पासवर्ड सहित मेले से पूर्व कार्यालय के शिशिक्षु अनुभाग में जमा करना सुनिश्चित करें।शासन/प्रशासन द्वारा जारी कोविड–2019 निर्देशों का पालन करते हुए अप्रेन्टिस मैले के सभी प्रतिभागियों को मास्क अनिवार्य रूप से पहनकर आना होगा। अधिक जानकारी हेतु मो0 नम्बर 9839351057, 9450742207, 8707560849, 9140542418 पर किसी भी कार्यदिवस में सम्पर्क किया जा सकता है।

## सांसद और विधायक को सी ग्रेड की बूथ को मजबूत करके ए ग्रेड करने की जिम्मेदारी है : विनोद सोनकर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी अब आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है। इसी को लेकर आज बृहस्पतिवार को लाइन बाजार स्थित इंडियन मेडिकल एशोसिएशन हाल में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह के नेतृत्व में बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कौशाम्बी के सांसद एवं राष्ट्रीय मन्त्री भाजपा विनोद सोनकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुभारम्भ मुख्य अतिथि विनोद सोनकर और जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने सयुक्त रूप से डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करने के उपरांत दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि को जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह द्वारा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि विनोद सोनकर ने बूथ की मजबूती और कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। भारतीय जनता पार्टी आगामी कार्यक्रम के तहत होने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव को दृ




ष्टिगत रखते हुए बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार और जनता के बीच में सीधा संवाद इन्हीं तीन विषयों पर बल देते हुए इसी के माध्यम से 2024 में चुनाव नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार देश और प्रदेश को निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ा रही हैं। गरीबों और वंचितों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जनता लगातार भाजपा को समर्थन दे रही है। इस सिलसिले को बनाए रखने के लिए पार्टी के बूथ सशक्तीकरण अभियान को बेहतर तरीके से पूरा करना है। अंत मे राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी उपस्थित मुख्य अतिथि और कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि मुख्य अतिथि ने जो भी कार्य बताए है उसका हम लोग समय से पहले पूरा करने का प्रयास करेंगे और आपको आश्वस्त करते है कि जो लक्ष्य आप दे रहे है उसको हमलोग पूरा करके दे देंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक बूथ सशक्तिकरण और जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह ने की। उक्त अवसर पर बदलापुर के विधायक रमेश मिश्रा, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया, राकेश वर्मा, रविन्द्र सिंह राजू दादा, अभय राय, आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, रोहन सिंह, सिद्दार्थ राय, लक्ष्मी कांत मिश्रा, सिद्दार्थ सिंह, राजकुमार जायसवाल, प्रबुध्द दुबे, शैलेन्द्र दुबे, सुरेन्द्र पाठक आदि उपस्थित रहे।

## मांगलिक कार्यक्रम में लगे आर्केस्ट्रा के दौरान घुसे अज्ञात अराजकतत्वों ने मचाया उत्पात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के करमही गांव के अनुसूचित बस्ती में एक व्यक्ति के यहां आयोजित बहुभोज कार्यक्रम में लगे आर्केस्टा के दौरान अज्ञात अराजकतत्वों ने उत्पात मचा दिया। घर के सदस्यों व रिश्तेदारों के साथ मारपीट किया। पुलिस आने की सूचना पर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम जफराबाद थाना क्षेत्र के करमही गांव के अनुसूचित बस्ती निवासी तुलसी राम के घर पर बहुभोज कार्यक्रम का आयोजन था। बहुभोज कार्यक्रम में आर्केस्ट्रा लगा हुआ था। आरोप है कि देर रात लगभग 11 बजे आर्केस्टा कार्यक्रम में चार की संख्या में अज्ञात अराजकतत्व घुस गए। आर्केस्ट्रा कर्यक्रम के दौरान अराजकतत्वों द्वारा बार– बार तेज आवाज में हूटिंग किया जा रहा था। जिस पर आयोजक तुलसी राम ने हूटिंग करने से मना किया। जिस पर अराजकतत्व उग्र हो गए और वह तुलसी राम के घर वालों व रिश्तेदारों के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान भगदड़ का माहौल हो गया। आयोजक तुलसी राम ने तत्काल आर्केस्ट्रा कार्यक्रम को बंद करवा दिया तथा अराजकतत्वों के उत्पात मचाने की सूचना डायल 112 पर दिया। पुलिस आने की सूचना पर चार की संख्या में अज्ञात अराजकतत्व मौके से फरार हो गए। इस मामले में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष जफराबाद राजाराम द्विवेदी ने कहा कि अभी तक जिसके घर बहुभोज का आयोजन था उसके द्वारा कोई लिखित तहरीर नही मिली है। यदि तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन पर साल भर में 1200 रुपये तक मिलेगा कैशबैक– ईओ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पीएम स्वनिधि योजना के तेइस लाभार्थियों को डिजिटल लेनदेन का बढ़ावा देने के लिए ईओ अनिल कुमार सिंह ने गुरुवार को नगरपंचायत कार्यालय में शिविर का आयोजन कर एअरटेल का क्यू आर कोड अपने हाथों सौंपते हुए लोगों को जागरूक किया। उन्होंने लाभार्थियों को डिजिटल खरीददारी का लाभ बताया! कहा कि दो सौ बार के लेन देन पर सौ रूपये का कैशबैक होता है! अधिशासी अधिकारी ने लाभार्थियों को बताया कि आनलाइन लेनदेन में जितनी वृद्धि होगी उतना ज्यादा कमीशन उस दुकानदार को मिलेगा! यानी दुकानदार को डबल फायदा मिलेगा। पीएम स्वनिधि योजना के तहत आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब तक 150 लोगों को 20 हजार रुपये का ऋण देकर लाभान्वित किया जा चुका है। योजना के मुताबिक वेंडर्स को ज्यादा से ज्यादा आनलाइन बिक्री हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रत्येक आनलाइन बिक्री पर शासन द्वारा एक रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाता है। ईओ ने बताया कि स्ट्रीट वेन्डर्स के लिए एक विशेष माइक्रो क्रेडिट स्कीम चलायी जा रही है! जिसका सीधा लाभ पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को मिल रहा है ! इस मौके पर रेहटी पटरी के दुकानदारों में विजय यादव, ब्रम्हदेव निगम, अविनाश निगम, राज निगम, रशीद,कमलेश आशीष रावत, आनन्द कुमार तथा मनोज गुप्ता आदि लोगों को को क्यू आर कोड सौंपा गया!

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने बाइक सवार एक की मौत : दूसरा गम्भीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना बुधवार की मध्य रात्रि आजमगढ़ जनपद के पवईं थाना क्षेत्र की है। घटना की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बीबीगंज बाजार निवासी चंदन यादव (25) पुत्र शंकर अपने साथी सुल्तानपुर जनपद के अखण्ड नगर थानान्तर्गत मुल्लापुर गाँव निवासी अमित यादव (30) पुत्र राम अवध के साथ आजमगढ़ में दोस्त के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। पवई थानान्तर्गत सहराजा गांव के पास पहुंचे जहां पीछे से आई तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद तेज अवाज और चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों घायलों को शाहगंज नगर स्थित एक निजी चिकित्सालय में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने चंदन को मृत घोषित कर दिया। अंकित का उपचार चल रहा है। चिकित्सक के मुताबिक हालत गम्भीर बताई जाती है। घटना की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल पहुंचे परिवार के लोग बिना पुलिस को सूचना दिए शव को घर लेकर चले गए। घटना के बाबत पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार आर्य ने जानकारी से अनभिज्ञता जताई। कहा इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली है।

## तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर साइकिल सवार वृद्ध की मौत : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कुकुहा मोड़ के पास हुई घटना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कुकुहा मोड़ पर एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि आजमगढ़ जनपद के बरदह थाना क्षेत्र के सकरामऊ गांव के निवासी राम लाल खैरवार बृहस्पतिवार को तड़के सुबह लगभग साढ़े छह बजे साइकिल से गौराबादशाहपुर बाजार किसी कार्य हेतु आया हुआ था। साइकिल सवार जैसे ही गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर– आजमगढ़ मार्ग के कुकुहा मोड़ पर पहुचा तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार वृद्ध रामलाल खैरवार को टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही राम लाल सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने दौड़कर घायल रामलाल खैरवार को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। जिला अस्पताल के चिकित्सको ने घायल रामलाल खैरवार पुत्र स्व0 तुलसी (68) निवासी सकरामउ, थाना बरदह जनपद आजमगढ़ को मृत घोषित कर दिया। थाने के उप निरीक्षक देवेंद्र पाल ने मृतक के कुर्ते के जेब मे मिली डायरी के आधार पर परिजनों को सूचना देने के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दुर्घटना के संदर्भ में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि कार पकड़ ली गई है। कार्रवाई की जा रही है।

## आधार प्रमाणीकरण किये जाने की प्रक्रिया

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने अवगत कराया है कि निराश्रित महिला पेंशन योजना हेतु आधार प्रमाणीकरण के किये जाने की प्रक्रिया – सर्वप्रथम गुगल पर sspy-up.gov.in पर जाये, यादि लाभार्थी को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर नही पता है जो निराश्रित महिला पेंशन सेलेक्ट करके पेंशन सूची में जाये। अपना जनपद सेलेक्ट करें विकासखण्ड सेलेक्ट करें, ग्राम पंचायत सेलेक्ट करें। मजरा सेलेक्ट करें। पूरी पेंशन सूची होगी जिससे अपना रजिस्ट्रेशन संख्या नोट कर लें, अब पुनः इन्ट्रीग्रटेड पेंशन पोर्टल पर जाये तथा लाल रंग की पट्टी आधार प्रमाणीकरण के लिए फ्लैक्स हो रही है, पेंशन का प्रकार सेलेक्ट करें। विडों पेंशन चयन करें। रजिस्ट्रेशन नं0 दर्ज करें। मोबाईल नं0 दर्ज करें। कैप्चा लिखे फिर सबमिट करे, आपके मोबाईल पर ओ0टी0पी आयेगा। ओ0टी0पी0 को दर्ज करें, तथा सबमिट करें, इस प्रकार से आपका मोबाईल नं0 आनलाईन रजिस्टर्ड हो गया। अब आपको दूसरे चरण में आधार प्रमाणीकरण करना होगा, आधार प्रमाणीकरण द्वितीय चरण में होता है अब होम पेज पर जायें पेशन लॉगिन पर रजिस्ट्रेशन नं0 यूजर आ0डी0 की तरह दर्ज होगा, तथा आपका मोबाईल न0 पासवर्ड होगा, रजिस्ट्रेशन नं0 दर्ज करें, पासवर्ड के स्थान पर मोबाईल नं0 दर्ज करें, कैप्चा लिखे एवं उसके बाद सबमिट करें, आपके मोबाईल पर दुबारा ओ0टी0पी0 आयेगां। ओ0टी0पी0 दर्ज करें। तत्पश्चात सबमिट करें, यादि आपका नाम पेंशनर सूची में आधार के सामान है तो आपका रजिस्ट्रेशन के साथ–साथ आधार प्रमाणीकरण हो जायेगा, यदि पेशनर सूची में आधार से अलग होगा। यथा नाम मे उपनाम न लिखा होना या नाम के बीच स्पेस होना या अन्य त्रुटि के कारण आपका डाटा जिला प्रोबेशन अधिकारी पोर्टल पर फारवर्ड हो जायेगा, तत्पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उसे वेरीफाई करने पर 24 घण्टे के बाद पुनः आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया अपनायें, पेंशन सूची में नाम व आधार के नाम में अन्तर होने पर किसी भी दशा में दोबारा प्रयास न करें अन्यथा आपका डाटा लॉक हो जायेगा।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## यूनिक इंडियन टेस्ट रेस्टोरेंट का उद्घाटन संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यूनिक इंडियन टेस्ट रेस्टोरेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोपाल राय के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर रेस्टोरेंट का शुभारंभ




किया। उपस्थित लोगों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन का लुत्फ उठाया। रेस्टोरेंट के मालिक के डी शर्मा ने मुख्य अतिथि गोपाल राय का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं रेस्टोरेंट के विषय में बताया कि रेस्टोरेंट स्वादिष्ट भोजन के साथ साथ तरह–तरह के स्पेशल ऑफर देता रहेगा। रेस्टोरेंट में आने वाले लोगों को फायदा मिलता रहेगा तथा छात्रों के लिए विशेष छूट दी जाएगी। अंत में वरिष्ठ समाजसेवी के डी शर्मा ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 60 चालको (संविदा) के नौकरी का सुनहरा अवसर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जौनपुर डिपो विजय श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि संविदा चालकों के नौकरी हेतु न्यूनतम योग्यता – लंबाई 5 फुट 3 इंच, उम्र 23 वर्ष 6 महीना, योग्यता आठवीं पास, देय भुगतान 1.59 प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जाएगा। प्रति माह 22 दिन ड्यूटी 5000 किलोमीटर करने पर रुपया 3000 प्रोत्साहन, पीएफ/रात्रि भत्ता प्रोत्साहन एवं रुपया 5 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाएगा। इसके लिए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक जौनपुर डिपो के मोबाइल नंबर 9839735499, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी जौनपुर डिपो के मोबाइल नंबर 9721939865 एवं सीनियर फोरमैन जौनपुर डिपो के मोबाइल नंबर 9451650602 पर 25 जून 2022 से पूर्व संपर्क किया जा सकता है।

## 10 व 17 जून 2022 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का होगा आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद के समस्त इच्छुक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आवेदको को अवगत कराया है कि निदेशालय समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद में 10 जून 2022 व 17 जून 2022 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन मॉ दुर्गा जी हायर सेकेन्डरी विद्यालय, सिद्दीपुर जौनपुर में पूर्वान्ह 11.00 बजे से होगा। इच्छुक आवेदक (जोड़े) जो गरीबी रेखा के नीचे निवास करते हैं, वह अपना आवेदन पत्र जिला पंचायत कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय, व नगर पालिकाध्नगर निकाय के कार्यालय में अपना आवेदन पत्र उक्त निर्धारित तिथि के पूर्व जमा कर दे, जिससे कि जॉच के उपरान्त पात्र आवेदको को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सम्मिलित किया जा सकें।

## बाल विवाह एवं बाल श्रम की रोकथाम हेतु जागरूकता बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक्शनऐड यूनिसेफ द्वारा संचालित बाल संरक्षण परियोजना के तहत तहसील क्षेत्र के बंजारी गांव में बाल विवाह एवं बाल श्रम की रोकथाम हेतु जागरूकता बैठक आयोजित की गई बैठक में बाल संरक्षण परियोजना समन्वयक अकरम अली ने बेटी की शादी 18 वर्ष और लड़के की शादी 21 वर्ष से कम उम्र में न करने की अपील की अकरम अली ने कहा कि बाल विवाह कानून दंडनीय अपराध है उनके द्वारा श्रम विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय योजना संत रविदास शिक्षा सहायता योजना, शिशु मातृत्व एवं बालिका आशीर्वाद योजना ,मेधावी छात्र पुरस्कार योजना आदि योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई और हेल्पलाइन की सेवाओं के बारे में भी बताया गया बैठक में ग्राम प्रधान सहित एवं चार महिला समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया ग्राम प्रधान पति रमाशंकर गौतम ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के प्रति हम सभी को सजग रहना होगा तभी विकास संभव है यह बात प्रधान पति ने 6 से 14 वर्ष के बच्चों का विद्यालय में नामांकन एवं नियमित उपस्थिति पर कहा।



*–सुविचार–*

यकीन और दुआ नजर नहीं आते मगर नामुमकिन को मुमकिन बना देते हैं।

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# सम्पादकीय

## चीन को घेरता क्वाड : एक स्वतंत्र और मुक्त हिंद–प्रशांत के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता वाले संगठन की जरूरत

क्वाड नेताओं ने आसियान एकता के लिए अपने अटूट समर्थन और हिंद–प्रशांत की केंद्रीयता पर जोर दिया है। लेकिन क्या केवल बयान ही काफी हैं? भले ही बाइडन ने इस सवाल का जवाब 'हां' में दिया कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया, तो क्या अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करेगा, लेकिन उनके प्रशासन ने दोहराया कि अमेरिका की सामरिक नीति अब भी पहले जैसी ही है। यह चीन पर अमेरिकी दबाव बनाने की सीमा को दर्शाता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज की मोहक मुस्कान, व्यक्तिगत रिश्ते, लंबे संयुक्त बयान और नई पहल 24 मई को टोक्यो में आयोजित क्वाडसम्मेलन की एक बड़ी सफलता थी। दो वर्षों से भी कम समय में क्वाड नेताओं की यह चौथी बैठक थी, जो क्वाड और उसके विस्तृत एजेंडे का महत्व बताती है।

हाल ही में विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि मोदी सरकार के आठ साल के कार्यकाल की एक प्रमुख उपलब्धि क्वाड का गठन रही है। उन्होंने आगे कहा कि टोक्यो शिखर सम्मेलन अब तक का सबसे उपयोगी सम्मेलन रहा, जो क्वाड की यात्रा एवं इसके भावी विकास की संभावनाओं को रेखांकित करता है। शिखर सम्मेलन का संयुक्त बयान इस क्षेत्र के लिए ठोस लाभ हासिल करने के सदस्यों के इरादे और उनकी 'एक स्वतंत्र और मुक्त हिंद–प्रशांत के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता' को रेखांकित करता है, जो समावेशी और लचीला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि क्वाड 'अच्छाई की ताकत' है, जो लोकतांत्रिक शक्तियों को मजबूत करता है और वैक्सीन वितरण, जलवायु कार्रवाई, आपूर्ति शृंखला में लचीलापन और आपदा प्रतिक्रिया के लिए सहयोग बढ़ाता है। हालांकि संयुक्त बयान में चीन का नाम नहीं लिया गया, पर सदस्य देशों ने जिन मुद्दों पर विरोध दर्ज किया, वे चीन की ओर इशारा करते हैं। क्वाड नेताओं ने हिंद–प्रशांत में यथास्थिति को बदलने की किसी भी जबरन कोशिश, एकतरफा कार्रवाई, विवादित सुविधाओं का सैन्यीकरण, तटरक्षक जहाजों और समुद्री लड़ाकों के खतरनाक उपयोग और अन्य देशों के तटीय संसाधनों की दोहन संबंधी गतिविधियों को बाधित करने के प्रयासों का विरोध किया।

जाहिर है, क्वाड की नजर में चीन संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि सहित अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करने वाले स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद–प्रशांत के लिए मुख्य खतरा है। क्वाड नेताओं ने कहा कि वे स्वतंत्रता, कानून के शासन, लोकतांत्रिक मूल्यों, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सिद्धांतों का पुरजोर समर्थन करते हैं, बिना किसी धमकी या बल प्रयोग के विवादों का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं और यथास्थिति और नौवहन की स्वतंत्रता को बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का विरोध करते हैं।

ये सभी सिद्धांत हिंद–प्रशांत क्षेत्र और दुनिया की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक हैं। पर क्या इनमें से अधिकांश सिद्धांतों का यूक्रेन में खुलेआम उल्लंघन नहीं हो रहा है? क्वाड के नेताओं की इस क्षेत्र और उससे बाहर इन सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए निर्णायक रूप से काम करने की प्रतिज्ञा पाखंडी लगती है, खासकर, जब वे संयुक्त बयान में यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा भी नहीं करते, जिसने उसकी स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन किया है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के मुताबिक, आक्रमण के सौ दिन में रूस ने यूक्रेन के बीस फीसदी क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। क्या अफगानिस्तान में स्वतंत्रता, कानून के शासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के सिद्धांतों का पालन किया जा रहा है? क्वाड को नया जीवन देने का श्रेय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जाता है, जिन्होंने 2017 में अपने पड़ोसियों के प्रति चीन की मुखर, आक्रामक और डराने वाली नीतियों पर लगाम लगाने के लिए एक समूह के रूप में इसे सक्रिय किया था।

ट्रंप प्रशासन ने दक्षिण चीन सागर में और अधिक अमेरिकी बल तैनात किए और नौवहन के स्वतंत्र संचालन को बढ़ाया। ट्रंप ने ही भारत के महत्व को रेखांकित करते हुए एशिया–प्रशांत की जगह इसे हिंद–प्रशांत क्षेत्र नाम दिया। क्वाड और हिंद–प्रशांत को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति बाइडन के प्रयासों के पीछे हिंद–प्रशांत और आसियान में अमेरिका की नेतृत्वकारी भूमिका को फिर से हासिल करने का उनका संकल्प है, जिस पर ट्रंप के ट्रांस–पैसिफिक पार्टनरशिप (टीपीपी) से हटने के बादसवाल उठ रहा था।

इसका उद्देश्य इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करना भी है। क्वाड नेताओं ने आसियान एकता के लिए अपने अटूट समर्थन और हिंद–प्रशांत की केंद्रीयता पर जोर दिया है। लेकिन क्या केवल बयान ही काफी हैं? भले ही बाइडन ने इस सवाल का जवाब 'हां' में दिया कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया, तो क्या अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करेगा, लेकिन उनके प्रशासन ने दोहराया कि अमेरिका की सामरिक नीति अब भी पहले जैसी ही है। यह चीन पर अमेरिकी दबाव बनाने की सीमा को दर्शाता है।

केवल बड़ी–बड़ी घोषणाओं से चीन के प्रभाव का मुकाबला नहीं किया जा सकता। यह नहीं भूलना चाहिए कि आसियान के प्रत्येक सदस्य देश का चीन बड़ा व्यापार साझीदार है। क्वाड के सदस्य देश कहते हैं कि क्वाड और हिंद–प्रशांत चीन के खिलाफ नहीं है, पर चीन और रूस जोर देकर कहते हैं कि ऐसा ही है। ट्रंप के शुल्क युद्ध ने चीनी अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया था। उस पृष्ठभूमि में देखें, तो पिछले दो वर्षों की गतिविधियों से क्वाड ने चीन को झकझोर दिया है।

शुरू में चीन ने क्वाड का मजाक उड़ाया था, पर अब वह क्वाड को अमेरिकी वर्चस्व बनाए रखने के लिए चीन को घेरने का मंच बता रहा है। भारत ने इस झिझक पर काबू पा लिया है, कि उसे अमेरिका का करीबी माना जाएगा। गलवान घाटी में चीनी घुसपैठ ने क्वाड के प्रति भारत की झिझक दूर कर दी है। यूक्रेन पर रूसी हमले ने भी विश्व व्यवस्था को झकझोरा और ध्रुवीकृत कर दिया। अमेरिका, यूरोपीय संघ एवं उनके सहयोगियों के दबाव के बावजूद भारत राष्ट्रहित में रूस के प्रति अपने स्वतंत्र रूख पर कायम रहा।

जाहिर है, भारतीय कूटनीति ने राष्ट्रीय हितों के लिए सभी नैतिक दुविधाएं पार कर ली है! विदेशमंत्री जयशंकर ने इसे संक्षेप में इस तरह कहा कि 'दुनिया को एक परिवार मानने के बावजूद क्वाड भारत के हित को अपनी सोच के केंद्र में रखने की मोदी सरकार की नीति को व्यक्त करता है और टोक्यो शिखर सम्मेलन इसका ताजा सबूत है।'

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## क्या नूपुर प्रकरण पर भाजपा दबाव में है ? : मृत्युंजय दीक्षित

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विश्व संवाद केन्द्र के समीक्षक मृत्युंजय कुमार दीक्षित के अनुसार एक टीवी डिबेट में साथी पैनेलिस्ट के भगवान शिव पर बार बार अमर्यादित टिपण्णी से उकसावे में आकर पैगंबर मोहम्मद पर की गयी टिप्पणी के बाद विवादों व कटटर मुस्लिम समाज की "सर तन से जुदा" धमकियों में घिरी बीजेपी प्रवक्ता नुपूर शर्मा और एक अन्य प्रवक्ता नवीन जिंदल को भाजपा से छह वर्ष के लिए निलंबित कर दिया गया है जिसके बाद सोशल मीडिया सहित विभिन्न मंचों पर बहुत सारे भाजपा समर्थक व प्रशंसक नेतृत्व की ओर से की गयी कार्यवाही और पार्टी की ओर से जारी किये गये बयानों की तीखी आलोचना कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ताओं के निलम्बन से कई राजनैतिक संदेश जा रहे हैं जिससे प्रथम दृष्टया पार्टी को कुछ क्षणिक नुकसान भी हो सकता है लेकिन अभी फिलहाल ऐसी कोई आशंका नहीं है कि इस कार्यवाही से बीजेपी को कोई बहुत बड़ा नुकसान होने जा रहा है। भाजपा के इन कदमों से सबसे बड़ा राजनैतिक प्रश्न यह उठ रहा है कि क्या आक्रामक विरोध प्रदर्शनों, बयानबाजी, उसके नेताओं को जान से मारने की धमकियाँ और दंगे करवा कर भाजपा को दबाया जा सकता है या फिर सरकार व पार्टी के फैसलों को बदलवाया जा सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा जे पी नडडा के नेतृत्व वाली भाजपा तीसरी बार राजनैतिक दबाव के आगे झुकने को मजबूर हुयी है और उसे अपने दो होनहार प्रवक्ताओं से हाथ धोना पड़ा है। पहले शाहीन बाग हुआ जिसने दिल्ली को बंधक बनाया और कोरोना के कारण हट पाया , फिर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों ने राजधानी दिल्ली को लम्बे समय तक बंधक बना लिया तब चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री ने देश को संबोधित करते हुए तीनों कृषि कानून वापस ले लिये थे, पुराना उदहारण लें तो जब भोपाल से भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर कुछ टिप्पणियां करी थीं तब उन पर कार्यवाही करते हुए उनके संसद में बोलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। लेकिन वर्तमान विवाद उपरोक्त से बिलकुल अलग है। भाजपा प्रक्ता नुपूर शर्मा और नवीन जिंदल के बयानों से आहत कटटरपंथी मुस्लिम समाज के नेता व संगठन लगातार दोनो नेताओं लगातार धमकियां दे रहे हैं। नुपूर को रेप और हत्या की धमकियां मिल रही थीं तथा कुछ संगठनो ने तो उनका सिर कलम करने के लिए करोड़ तक का ईनाम भी घोषित कर दिया है। यह एक अजीब सी बात है कि भाजपा आलाकमान ने इन विरोधियों के खिलाफ एक भी कड़ा बयान नहीं जारी किया था और न हीं नुपूर को संगठन की ओर से कोई दी जा रही थी। सर तन से जुदा का नारा देने वालों के इरादे कितने खतरनाक थे इस का पता तब चला जब प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति जी का कानपुर दौरा था । जिस समय लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश की अच्छी कानून व्यवस्था का हवाला दे रहे थे ठीक उसी समय कानपुर में कुछ मुस्लिम अराजक तत्वों ने योगी सरकार की छवि को खराब करने के लिए उचित समय जानकर नुपूर के बयान की आड़ लेकर कानपुर में हिन्दुओं पर सुनियोजित आक्रमण कर दिया । पुलिस प्रशासन के तीखे तेवरों के कारण स्थिति पर शीघ्र ही नियंत्रण पा लिया गया । जिस समय टीवी चौनलों पर उप्र की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी और राष्ट्रपति जी कानपुर यात्रा का प्रसारण होना था उस समय कानपुर की हिंसा टीवी चौनलों पर छा गयी। कानपुर की हिंसा मुस्लिम अराजक तत्वों और मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाले राजनैतिक दलों की एक सोची समझी साजिश का ही परिणाम थी। यहां पर सभी को यह बात जाननी चाहिए कि कानपुर हिंसा के बाद समाजवादी पार्टी ने हिंसा के लिए भाजपा प्रवक्ताओं के बयानो को ही जिम्मेदार ठहराया था और समाजवादी पार्टी, बसपा व कांग्रेस सहित सभी विरोधी दल केवल और केवल भाजपा प्रवक्ता को पार्टी से निकालने की बात कर रहे थे, किसी ने भी दंगाइयों के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा ।यहाँ पर यह बात भी विचारणीय है कि सपा नेताओं ने कानपुर हिंसा के लिए पीएफआई और मुस्लिम समाज को क्लीन चिट दी और अपनी पार्टी के नेता आजमी को भी नहीं हटाया जो कह रहा है कि अभी कानपुर जैसे दंगे और होंगे। यहां तक भी गनीमत रही लेकिन पाकिस्तान सरकार के झूठे प्रचार और अरब देशों के हस्तक्षेप के बाद बात पूरी तरह बिगड़ गयी । इसमें सोशल मीडिया पर सक्रिय ऑल्ट न्यूज के फैक्ट चेकर जुबैर, अरफा खानम शेरवानी, सबा नकवी और राना अयूब जैसे लोगों की बड़ी भूमिका है जिस पर आज नहीं तो कल बड़े खुलासे होंगे । इन्होने नूपुर के बयान के सम्पादित अंश आग की तरह फैलाये। जिसके बाद सऊदी अरब , कुवैत, बहरीन के स्टोर से भारतीय चीजें हटाई जाने लगीं । सोशल मीडिया पर बहिष्कार की अपील की जाने लग गयीं । भाजपा प्रवक्ताओं को गिरफ्तार करने का अभियान चलाया जाने लगा । पाकिस्तान व अरब देशों में पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ भी ट्वीट किये जाने लगे । कतर ने भारतीय राजदूत को तलब किया और पैगम्बर मोहम्मद साहब पर की गयी टिप्पणी की निंदा की इसी दिन उपराष्ट्रपति कतर के दौरे पर थे। ओमान के मुफ्ती ने भी बीजेपी के खिलाफ अभियान चलाया और सभी मुस्लिम राष्ट्रो से एकजुट होने को कहा। कतर सहित अरब देशों के बढ़ते दबाव के बाद ही भाजपा ने यह कदम उठाया । अब भाजपा समर्थक अपनी ही पार्टी के इस निर्णय से नाराज हो गये हैं तथा कई सवाल उठा रहे हैं जिसके कारण बीजेपी के सामने एक नयी चुनौती आग यी है कि अब अंदर के नाराज लोगों को कैसे शांत रखा जाये। प्रथम दृष्टया यह बात बिलकुल सही लगती है कि भपजा प्रवक्ता नुपूर शर्मा व नवीन जिंदल के खिलाफ एकतरफा कार्यवाही की गयी । किसी भी कार्यवाही से पहले भाजपा नेतृत्व को घटना की विवेचना करनी चाहिए थी। यह भी संभव था कि यह मामाल कुछ समय बाद अपने आप ही ठंडा पड़ जाता लेकिन ऑल्ट न्यूज और उसके सरपरस्तों ने बात को अंतर्राष्ट्रीय विशेष कर अरब देशों में इस तरह प्रचारित कर दिया कि वहां के नेता बीजेपी पर दबाव बनाने में सफल हो गये। जबसे ज्ञानवापी परिसर में प्राचीन विश्वेश्वर शिवलिंग मिलने की बात सामने आई है और मुस्लिम पक्षकार व उनके समर्थक तथाकथित मुस्लिम राजनैतिक दल शिवलिंग को फव्वारा बताकर भगवान शिव ,उनके परिवार तथा अन्य देवी देवताओं का लगातार अपमान कर रहे हैं ।ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। सबा नकवी जैसे तथाकथित पत्रकारों ने एटॉमिक रिएक्टर को शिवलिंग कहकर उसका मजाक बनाया, दिल्ली के रतन लाल ने मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दीं लेकिन कुछ नहीं हुआ। कांग्रेस सहित तमाम वामपंथी विचारक और छुटभैये दलों के तथाकथित नेता हिंदू समाज की आस्था का लगातार अपमान कर रहे हैं। यह हिंदू समाज की सहनशीलता और धैर्य ही है कि वह आज स्वयंभू विश्वेश्वर महादेव के मिल जाने के बाद ही कोर्ट के निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है। एक टीवी चौनल में एक मुस्लिम स्कॉलर ने भगवान शिव और शिवलिंग का बहुत ही अभद्र तरीके अपमान किया था जिसके बाद लोकप्रिय टीवी एंकर सुशांत सिन्हा को उस तथाकथित मुस्लिम स्कॉलर को बहस से निकाल देना पड़ा था । आजकल अलग अलग चैनलों पर आने वाले मुस्लिम स्कॉलर और मुस्लिम तुष्टिकरण में लगी पार्टियों के प्रवक्ता जिस अमर्यादित तरीके से हिंदू देवी–देवताओं तथा आस्था का अपमान करते हैं उसमें किसी भी धार्मिक आस्था वाले हिन्दू के लिए धैर्य बनाए रखना असंभव है, यही कारण है कि आम हिन्दू नूपुर शर्मा के पक्ष में दिखाई दे रहा है । टी वी चौनलों पर मुस्लिम व वामपंथी विचारक जिस प्रकार की भाषा और शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं उससे किसी का भी धैर्य जवाब दे सकता है। सरकार व कानून को ऐसे तत्वों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए तभी हम सही मायने में पंथनिरपेक्ष माने जायेंगे ।देश के किसी राजनैतिक दल के इतिहास में ऐसा संभवतः पहली बार हुआ है कि जब किसी दल ने अपने ही दो प्रवक्ताओं को एक साथ निलम्बित करके अपने ही लोगों को नाराज किया है। अभी हाल ही में कश्मीर के सबसे बड़े अलगाववादी आतंकी नेता यासिन मलिक को दस मामलों में उम्रकैद की सजा सुनाई गयी है और गुपकार गठबंधन ने उसका तीखा विरोध किया था । कल की घटना से ऐसे लोगो का मनोबल बढ़ गया है और अब यही गुट यासिन मलिक सहित और आतंकवादियां की रिहाई के लिए अभियान चला सकता है। तब बीजेपी नेतृत्व क्या करेगा यह भी देखने योग्य होगा। आज बीजेपी नेतृत्व कई फ्रंट पर लड़ाई लड़ रहा है। भारत सरकार पर पाकिस्तान मे पल रहे आतंकवादियों व उनके ठिकानों पर निर्णायक कार्यवाही का दबाव भी बढ़ रहा है। हिन्दू समाज की चेतना पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है । कुछ समय पूर्व कर्नाटक में हिजाब विवद के दौरान एक मुस्लिम लड़की हिजाब के समर्थन में अल्लाहू अकबर के नारे के साथ कूद पड़ी थी तब उसके समर्थन में हजारों लोग मैदान में उतर पड़े थे, सेकुलर टी वी चौनलों पर वह लड़की नायिक की तरह पेश की जा रही थी और सेकलर जमात उस लड़की का गुणगान कर रही थी। इसके विपरीत जब एक हिंदू महिला जिससे अपने आराध्य भगवान शिव और शिवलिंग का अपमान सहन नहीं हो पाया और उसने अपने प्रभु का अपमान करने वाले तत्वों को तीखा जवाब दे दिया तो आज वह नायिका अपने ही दल और लोगों में अकेली हो गयी । हिन्दू समाज एकजुट नहीं हो पाया । सरकार की बाध्यताएं हो सकती हैं लेकिन समाज की क्या बाध्यताएं हैं? समस्त मुस्लिम समाज व सेकुलर दलों ने अपनी उस नायिका को देश का पहला हिजाबी पीएम तक घोषित कर दिया और हम लोग क्या कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है, उसका हर कार्यकर्ता व प्रवक्ता अपने आप में बहुत ही मजबूत व सशक्त है। भाजपा बेटी बचाओ व बेटी पढाओ का अभियान चला रही है, नारी सशक्तीकरण की बात कर रही है तो क्या बीजेपी अपनी ही दल की होनहार बेटी को ऐसे ही अकेला छोड़ सकती है? नहीं, ऐसा नहीं है। वर्तमान परिस्थितियां नाजुक हैं। कई चीजें एक साथ हो रही हैं। लाडस्पीकर से लेकर सड़कों पर होने वाली अजान तक, ज्ञानवापी से लेकर मथुरा और कुतुबमीनार से लेकर लखनऊ की लक्ष्मण टीले वाली मस्जिद तक सभी जगह मामले कोर्ट में तेजी से चल रहे हैं। आतंकवादियों को कड़ी सजा मिल रही हैं, उनका आर्थिक साम्राज्य नष्ट हो रहा है जिसके कारण नफरत के बीज बोने वाले गैंग हैरान और परेशान और बदला लेने को आतुर हैं। इसी बीच उन्होंने नया व आसान निशाना नुपूर के रूप में खोज लिया दस दिन तक उस पर काम किया और सफल भी हो गए । लम्बे युद्ध में ऐसी छोटी जय पराजय स्वाभाविक है, हर दिन आपका नहीं होता। भाजपा ने अपने प्रवक्ता नुपूर जी को निलम्बित किया है वह एक बेहद मजबूत नायिका हैं।। यह सेकुलर भारत है जहां हनुमान चालीसा पढने वाली हिंदू सांसद नायिका नवनीत राणा पर राजद्रोह का केस भी हो सकता है और हमारा समाज तमाशा देखता रहता है। यह कुछ समय की बात है, सब ठीक हो जायेगा। आज जो लोग भाजपा नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं उसमें अधिकांश लोग वह हैं जो जो कभी कहते थे कि "रामलला हम आएँगे पर तारीख नहीं बताएँगे", अब कह रहे हक यह कौन सा बड़ा काम किया है यह तो कोर्ट से हो रहा है। नुपूर की घटना की आड़ में भाजपा और मोदी जी के शत्रु अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं, भाजपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं को इन्हें पहचानना चाहिए। भाजपा को अब किसी भी प्रकार से दबाया नहीं जा सकता। वर्तमान बड़े प्रयासों को पूरा करने के लिए सभी को शांत रखने के लिए एक फार्मूला निकालने का प्रयास किया है जिससे उसके अपने ही समर्थक नाराज हो गए हैं और अब उसकी आड़ में मोदी जी के राजनैतिक विरोधी अपनी रोटियां सेकने का प्रयास रहे हैं जो सफल होने वाले नहीं हैं।

## शिव सत्संग मण्डल धर्मोत्सव : समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है : आचार्य अशोक

अम्बरीष कुमार सक्सेना सीतापुर। विकास खण्ड महोली के ग्राम बीडनपुर में शिव सत्संग मंडल के धर्मोत्सव में मंडलाध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि शिव सत्संग मण्डल,धर्मोत्सव के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य कर रहा है ।यहां धर्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने बहुत तल्लीनता के साथ सामूहिक प्रार्थना व शिव उपासना की ।उन्होंने आग्रह किया कि सभी सत्संग परिवार संस्कारित होकर समाज व देश के निर्माण में योगदान दें ।समाज निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं ।आचार्य ने कहा कि देवों के देव महादेव पूरी दुनिया के आराध्य देव हैं ।महादेव की शक्ति भारतीय ग्रंथों में वर्णित है ।प्रभु से यही विनती है कि जनकल्याण करने का आशीर्वाद देते रहें। जिला महामंत्री रविलाल ने कहा कि शिव आराधना से लौकिक,पारलौकिक सुख ऐश्वर्य व आनंद प्राप्त होता है। सत्संगी इंस्पेक्टर ने कहा कि शिव स्तुति करने से मन में प्रसन्नता की लहर दौड़ जाती है। आध्यात्मिक शक्तियों से स्व परिवर्तन के साथ साथ वैश्विक परिवर्तन संभव हो जाता है। परमात्मा का प्रकाशस्वरूप से ध्यान करने मात्र से जीवन में अलौकिक बदलाव आता है ।अधिवक्ता रामौतार ने कहा कि धर्म पर जो चला वह उन्नति की ओर बढ़ा ।ध्यान और भजन से मनुष्य एक बेहतर इंसान बनता है। अटूट श्रद्धा और विश्वास से भगवान भोलेनाथ प्रसन्न होते हैं। व्यवस्थापक/प्रचारक यमुना प्रसाद ने सत्संग की महिमा बताई ।उन्होंने बताया कि सत्संग कराने से परिवारों में खुशहाली का वातावरण सृजित होता है। शाहजहाँपुर के जिला अध्यक्ष डॉ कलिका प्रसाद ने कहा कि सज्जनो से जुड़ें और समाज को अच्छा बनायें। उन्होंने कहा




कि आध्यत्म में लोक कल्याण सर्वोपरि होता है। रवि कुमार वर्मा ने ग्रंथों के आधार पर शिव नाम की महिमा का बखान किया ।महात्मा राम सागर एवं नन्हे लाल ने समाज में सत्संग की उपयोगिता बताई। इस धर्मोत्सव का शुभारम्भ समाजसेवी छोटेलाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।सत्संगी श्रीकृष्ण ने सामूहिक ईश प्रार्थना प्रस्तुत की। प्रतिभा देवी,नीतू वर्मा, भैयालाल एवं श्रीकृष्ण आदि ने प्रेरणादायी भजन सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर लिया। संयोजक अम्बरीष कुमार सक्सेना के संचालन में हुए इस धर्मोत्सव समारोह की अध्यक्षता रामौतार वर्मा ने की ।समापन पर सभी सत्संगी जनों ने रोजाना ब्रह्ममुहूर्त में उठकर प्रभु का सुमिरन करने का शिव संकल्प लिया ।इसके अलावा समापन पर सभी सत्संगी जनों ने हरदोई जनपद के विकास खण्ड टोडरपुर के कामेपुर गांव में 15 जून को शिवोत्सव भव्यता और दिव्यता पूर्वक मनाने का शिव संकल्प लिया ।इस धार्मिक आयोजन में जिलाध्यक्ष जमुना प्रसाद,विमल कुमार,छोटेलाल,ग्राम प्रधान सरोज कुमार,राजेश सक्सेना एवं महात्मा राम सागर आदि ने धर्मोत्सव में खासा योगदान किया।

## मुख्यमंत्री योगी के सपनो को क्या पलीता लगा रहे अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड (लोनिवि) –मलखान सिंह

पवन कुमार सिंह सीतापुर। वर्षों से चली आ रही विभागीय रूपरेखा पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश में आक्रामक रवैया दिखाया और यह साफ कर दिया,की पहले जिस तरह की कार्यशैली अधिकारी कार्य करते थे,वह अब चलने वाला नहीं भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्यवाही होगी,अधिकारी अपनी कार्यशैली को बदल दें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। जिसके चलते मुख्यमंत्री ने विभागों में हुए भ्रष्टाचार पर कई कार्यवाहीया कीं, परंतु इन सभी बातों के मद्देनजर अधिकारियों की कार्यशैली में सुधार हुआ लेकिन अभी भी कुछ क्या वही पुरानी कार्यशैली पकड़ कर बैठे हुए जो पहले जैसी थी। जिस पर शायद ध्यान देना अभी बाकी है। मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार के प्रति पहल और जनता में सुरक्षित समाज की परिकल्पना का जो सपना है उस पर अधिकारी खरे नहीं उतर रहे हैं बल्कि मुख्यमंत्री के सपनों को पलीता लगाते हुए नजर आ रहे हैं मामला प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सीतापुर का है जहां वर्षों से एक ही जगह पर कर्मचारी कार्य कर रहे हैं,लेकिन अभी तक उन को इधर से उधर नहीं किया गया है ।इसका क्या मतलब है? स्थानांतरण नीति पर विभागीय कार्य शैली पर पहले ही प्रश्नचिन्ह लग चुका है। जिस पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग मलखान सिंह सहित विभागीय उच्चाधिकारी सवालों के घेरे में हैं?बताते चलें की प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग में वर्षों से तैनात हैं, और क्षेत्र(फील्ड) तथा पटल में जो तैनाती है शासनादेश के अनुसार समय सीमा पार हो चुकी है। जिसमें जनपद में विगत लगभग18 वर्षों से तैनात अवर अभियंता डीएन सिंह जो क्षेत्र(फील्ड)में निर्धारित समयावधि से ऊपर हैं,व शासनादेश के अनुसार क्षेत्र(फील्ड)में निर्धारित समय सीमा से ऊपर अवर अभियंता धनीराम भार्गव,अवर अभियंता राजेश पाल,अवर अभियंता श्रवन कुमार,निर्धारित समय सीमा पार कर चुके पटल पर रामकृष्ण श्रीवास्तव प्रशासनिक अधिकारी जो बडेद्द बाबू का कार्य देख रहे हैं तथा वरिष्ठ सहायक महेश प्रसाद यादव,अमित श्रीवास्तव वरिष्ठ सहायक के नाम शामिल हैं। लेकिन सवाल खड़ा होता है कि इस पर लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सीतापुर गौर कब करेगें,अधिशासी अभियंता जैसे जिम्मेदार पद




पर बैठे मलखान सिंह शासनादेश संख्या–8/2022/सा0–119/सैतालिस–4–2022(1/3/96)समूह(ग) कर्मचारियों का पटल/क्षेत्र (फील्ड) को देखते हुए शासन आदेश का पालन कब करेंगे?आखिर कौन सी ताकत उन्हें ऐसा करने से रोक रही है? क्या राजनीतिक दबाव है,या वरिष्ठ अधिकारियों का क्या ऊपर से मौखिक आदेश?फिलहाल यह सवाल खड़े होते हैं और इन दिनों इन सवालों की चर्चा प्रांतीय खंड में काफी हो रही है। बताते चलें कि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की तेजतर्रार कार्यशैली से काफी खासा जनमानस प्रभावित है जिसकी बातें हो रही है कि गत दिवस अचानक उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक डीजीएमई ऑफिस पहुंच गए,वहां पर छापामार घंटों निरीक्षण किया फाइलें खंगाली,स्थानांतरण संबंधित फाइल तलब की,इसके बाद सीएमओ दफ्तर में भी दस्तक दी ।जिससे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की इस कार्यशैली की काफी बातें होने लगी अब यह भी निकल कर आ रहा है कि इसी तरीके की छापामारी कार्यशैली की आवश्यकता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सीतापुर को भी है अगर ऐसा होता है,तो यह तय है कि विभाग की कलई खुल जाएगी। विभाग में जो हो रहा है वह खुद–ब–खुद विभागीय मंत्री जितिन प्रसाद के सामने आ जाएगा ।लेकिन यह कब और कैसे होगा यह कहना तो मुश्किल है। लेकिन इस तरीके की ताबड़तोड़ कार्यशैली की प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग सीतापुर जरूरत है और तभी सुधार हो सकता है।

## दबंग भू माफिया के विरुद्ध कार्रवाई नहीं तो होगा प्रदर्शन : मुख्यमंत्री को दिया गया प्रार्थना पत्र

सीतापुर ब्यूरो अजय कुमार सिंह : परसेंडी सीतापुर ग्राम पंचायत मदनपुर के दबंग भूमाफिया प्रधान पति शान मोहम्मद के द्वारा अवैध तरीके से ग्राम पंचायत की सरकारी जमीन पर कब्जा करके सात पक्की दुकानें बनवा ली गई है जिस संबंध में कई प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी महोदय को भेजकर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई मगर आज तक अतिक्रमण नहीं हट सका तहसील प्रशासन के अधिकारियों का कहना है उपरोक्त जगह से हमारा कोई लेना देना नहीं है पी डब्लू डी लोक निर्माण विभाग जाने जबकि लोक निर्माण विभाग का कहना है हमारा उपरोक्त जगह से कोई लेना देना नहीं सभी लोग अपना अपना दामन बचा रहे जबकि भाजपा की योगी सरकार भू माफियाओं पर शिकंजा कसने का कार्य कर रही है आखिर क्या कारण है इस भूमाफिया के आगे सारे अधिकारी नतमस्तक होकर घुटने टेक रहे हैं कार्रवाई करने से डर रहे अपना अपना दामन बचा रहे इसलिए ग्राम वासियों के द्वारा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र भेजकर मांग की गई है कि एक माह के अंदर भूमाफिया का



कब्जा हटवाया जाए अन्यथा धरना प्रदर्शन के लिए लोगों को बाध्य होना पड़ेगा जिसका समस्त उत्तरदायित्व तहसील व जिला प्रशासन के अधिकारियों का स्वयं होगा।

# भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई विकास तीर्थ बाइक रैली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजयुमो द्वारा विकास तीर्थ बाइक रैली यात्रा का आयोजन किया गया, यह यात्रा पांचो विधानसभा में मोदी और योगी सरकार द्वारा किये गये सभी विकास कार्य स्थलों से होकर गुजरा। इस कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रांशु दत्त द्विवेदी एवं जिला अध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह और काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा शैलेन्द्र मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सुभारम्भ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रांशु दत्त द्विवेदी, पुष्पराज सिंह, शैलेन्द्र मौर्य और जिलाध्यक्ष भाजयुमो दिव्यांशु सिंह ने खरका कालोनी में स्थित पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विकास तीर्थ यात्रा बाइक रैली को झण्डी दिखाकर किया। यह बाइक रैली यात्रा मुख्य रूप से मोदी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाना तथा उनके महत्वपूर्ण फायदे जनता को बताने के लिए विकास तीर्थ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा जौनपुर विधानसभा के खरका कालोनी से चलकर गोमती तट पर पहुची, उसके बाद मेडिकल कालेज पहुँची वहां पर विकास कार्य का निरीक्षण कर गोरारी बाजार पहुँची जहाँ पर आनंद बरनवाल के यहां सूक्ष्म जलपान हुआ। उसके उपरांत वहां से चलकर शाहगंज विधानसभा पहुची। जहां चौक पर क्षेमेन्द्र सिंह के यहां पर जलपान हुआ उसके उपरांत चेयरमैन रीता जायसवाल के होटल परपहुँचकर कुछ विश्राम के बाद भोजन हुआ। उसके उपरान्त यह यात्रा खुटहन होते हुये बदलापुर विधानसभा में पहुँची। बदलापुर विधानसभा में राम जानकी मंदिर पर सभा का आयोजन किया गया इस आयोजन में मुख्य रूप से जिला महामंत्री भाजपा सुनील तिवारी, मण्डल अध्यक्ष विनोद शर्मा जिलाध्यक्ष भाजयुमो दिव्यांशु सिंह जिला महामंत्री द्वय भाजयुमो विकास ओझा, ऋषिकेश श्रीवास्तव आदि लोगों ने सभा को संबोधित किया। उन लोगो ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ एवं पदाधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए



कहा कि संगठन कार्य के लिए युवा मोर्चा सदैव तत्पर रहा है। मई 2014 में प्रधानमंत्री ने देश की कमान अपने हाथों में ली तब से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में सबका साथ सबका विकास के मंत्र के अनुरूप केन्द्र की सरकार ने बिना भेदभाव गांव गरीब किसान महिला नौजवान के हितों के लिए जो कार्य किया वह 135 करोड़ देशवासियों के जीवन मे व्यापक परिवर्तन का कारक बना है। इन आठ वर्षों के दौरान भारत आत्मनिर्भरता की राह पर तेजी से आगे बढ़ा है। देशवासियों के आत्मविश्वास में बढ़ोत्तरी हुई है। प्रत्येक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं बढ़ी हैं। जरूरतमन्दों तक बिना भेदभाव विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है। सभा के उपरांत यह यात्रा विधानसभा बदलापुर में हुये विकास कार्य फायर स्टेशन और बस स्टेशन पर पहुची। उसके उपरांत यह यात्रा इंदिरा चौक से होते हुए लौहिंदा चौराहा से होते सुजानगंज पहुची वहाँ पर जलपान के पश्चात मुंगराबादशाहपुर पहुँची। वहां पर नगर भ्रमण कर जौनपुर की तरफ यात्रा प्रस्थान की जो सिकरारा चौराहा से होते हुये सीहीपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर जाकर बाइक विकास तीर्थ यात्रा का समापन हुआ। इस यात्रा में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अजय यादव मीडिया प्रभारी कपिल सिंह कार्यालय प्रभारी नीरज मौर्य, शौरभ सिंह, आशुतोष सिंह, विकास सिंह, प्रशांत सिंह शिवम राय, आयुष अस्थाना सभी मण्डल के भाजयुमो अध्यक्ष और महामंत्री गण लोग उपस्थित रहें।

# थाना खेतासराय पुलिस द्वारा गोबध में चल रहे वांछित को नाजायज तमंचा के साथ किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोक थाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 श्री संजय कुमार के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर श्री अंकित कुमार के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा चेकिंग के दौरान गोवध में चल रहे वांछित अभियुक्त परवेज आलम उर्फ बबलू पुत्र शब्बीर निवासी बाराकला थाना खेतासराय जनपद जौनपुर को एक अदद नाजायज तमंचा के साथ बारा मोड काली मंदिर के पास से दिनांक 07/06/ 2022 को समय 21:10 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–092/2022 धारा–3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 092/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना खेतासराय जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 58/2022 धारा 3/5A/8 उ0 प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर बरामदगी का विवरण– 1.




एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर 2. एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर गिरफ्तारी करने वाली टीम के सदस्य– 1. यजुवेंद्र कुमार सिंह, थानाध्यक्ष थाना खेतासराय जौनपुर। 2.उ0नि0 राजेश कुमार मिश्र थाना खेतासराय जौनपुर। 3.हे0का0 रंजन कुमार सिंह थाना खेतासराय जौनपुर। 4.हे0का0 बरमेश्वर यादव थाना खेतासराय जौनपुर।

## प्रधानमंत्री आवास के लिए विधवा गरीब महिला ने जिलाधिकारी को सौपा पत्रक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत बरावा मछलीशहर की एक विधवा महिला प्रधानमंत्री आवास के लिए चक्कर लगा रही है आवास नही मिलने पर उसने जिलाधिकारी जौनपुर को लिखित शिकायत किया है। ग्राम पंचायत पंचायत बरावां की साहिला बेगम ने जिलाधिकारी जौनपुर को पत्रक सौप कर शिकायत किया है की उसके पति अबरार की मृत्यु हो गयी है, और प्रार्थीनी विधवा है प्रार्थीनी के दो पुत्रियाँ नजरीम बानो, आसमीन बानो तथा पुत्र रिजवान अहमद,असफाक अहमदनौसाद अहमद, समसाद अहमद हैं। सभी बच्चे अभी कम उम्र के हैं प्रार्थीनी के परिवार में प्रार्थीनी के अलावा कोई कमाने वाला सदस्य नहीं है प्रार्थीनी बीड़ी बनाकर मेहनत मजदूरी करके किसी तरह अपने तथा अपने बच्चों का पेट पालती है और किसी तरह जीवन यापन कर रही है. प्रार्थीनी के पास रहने के लिए कोई आवास नहीं है छप्पर में रहकरके जीवन बीता रही है छप्पर भी बहुत पुराना है प्रार्थीनी प्रधानमंत्री आवास पाने के लिये पात्र है प्रार्थीनी ने कई बार ग्राम पंचायत प्रधान तथा ग्राम विकाश अधिकारी से आवास हेतु अनुनय विनय किया लेकिन कोई सामाधान नहीं किये तब प्रार्थीनी ने विवश होकर तहसील समाधान दिवस मछलीशहर तथा जन सुनवाई के माध्यम से आवास हेतु प्रार्थना पत्र दिया जिससे ग्राम पंचायत प्रधान बरावां तथा ग्राम विकास अधिकारी प्रार्थीनी से काफी नाराज हो गए हैं और धमकी देते हैं की जाओ प्रार्थना पत्र दो बीना पैसे के तुम्हे आवास नहीं देंगे प्रार्थीनी के सामने समस्या है आगे बरसात का सीजन है यदि प्रार्थीनी को आवास नहीं मिला तो प्रार्थीनी खुले आसमान के नीचे रहने के लिए विवश है।

# शादी समारोह मे शामिल होने गये किशोर को नशीला पदार्थ खिलाकर मारकर किया घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : माधोपुर गाँव मे एक शादी समारोह मे शामिल होने गये किशोर को चार लोगो ने कोल्ड ड्रिंक्स मे नशीला पदार्थ पिला कर बुरी तरह मारपीट कर एक खेत मे फेंक दिया। मौके पर पहुचे परिजनो ने इलाज के लिए मीरगंज ले गये सुबह थाने पहुच कर लिखित सूचना दी है। ग्राम पंचायत अगहुआ के सवैया निवासी अनुज कुमार यादव 17 पुत्र सन्तोष कुमार माधोपुर गांव मे मंगलवार को एक शादी समारोह मे शामिल होने गया था साढे दस बजे रात चार लोगो ने उसे कोल्डड्रिंक मे नशीला पदार्थ पिला कर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसे बेहोशी हाल मे एक खेत मे फेंक कर चले गये रात मे दो बजे वहा से फोन करके अनुज के परिजनो को जानकारी दी गयी गयी की एक दुर्घटना मे घायल हो गया जब परिजन पहुचे तो उसे एक खेत मे बेहोशी हाल मे पाया उसके चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे उसे परिजन आनन फानन मे इलाज के लिए मीरगंज ले गये बुधवार की सुबह मीरगंज थाना पहुच उसके परिजनो पुलिस को लिखित शिकायत किया है जिसमे परिजनो चार लोगो पर नशीला पदार्थ पिलाकर मारने पीटने, का आरोप लगाया है। वही घायल अनुज ने बताया उसकी बाइक व पर्स छीन लिया गया है। प्रभारी थानाध्यक्ष संदीपकुमार शर्मा ने बताया एक नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## थाना महराजगंज पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित तीन आरोपी को 48 घण्टे के अन्दर किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम एवं गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो



के अनावरण के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्यवेक्षण में थाना महराजगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0–82/2022 धारा–498A/304B भा0द0वि0 व ¾ डी.पी. एक्ट मे वांछित दो अभियुक्त व एक अभियुक्ता को महराजगंज पडाव से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण– 1.राजमन पुत्र सरजू राम निवासी फत्तूपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 2.विनोद कुमार पुत्र राजमन निवासी फत्तूपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 3.बेबी पत्नी राजमन निवासी फत्तूपुर थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 82/2022 धारा 498A/304B भा0द0वि0 व ¾ डी.पी. एक्ट थाना महराजगंज, जौनपुर गिरफ्तारी टीम– 1.उ0नि0 श्री संतोष कुमार शुक्ल थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 श्री गुलाब सिंह यादव थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 विरेन्द्र यादव थाना महराजगंज जनपद जौनपुर। 4.म0का0 अनुपमा सिंह थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

# थाना मड़ियाहूं पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ पर्वेक्षण में थाना मड़ियाहूं पुलिस द्वारा




मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0–160/2022 धारा–323/504/506/452/308 थाना मड़ियाहूँ जौनपुर से सम्बंधित वांछित अभियुक्त शोभनाथ यादव पुत्र जोखू यादव नि0 पाली (रसैनी) थाना मडियाहूँ जौनपुर को पाली बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.शोभनाथ यादव पुत्र जोखू यादव नि0 पाली रसैनी थाना मडियाहूँ जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–160/2022 धारा–323 504 506 452 308 थाना मड़ियाहूँ जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः– 1.उ0नि0 कश्यप कुमार सिंह थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 संजय सिंह थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 3.हे0का0 रामबली यादव थाना मड़ियाहूँ जपनद जौनपुर।

# ऑटो पलटने से हुई थी जिलेदार की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के बालेमऊ रेलवे अंडर पास के अंदर गुरुवार को मिले जफराबाद थाना क्षेत्र के किर्तापुर गांव निवासी जिलेदार की मौत की गुत्थी गौराबादशाहपुर पुलिस द्वारा सुलझाने का दावा किया गया आरोपी ऑटो चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया पुलिस के अनुसार किर्तापुर गांव के रहने वाले पिंटू ऑटो चालक है उन्ही के गांव के रहने वाले मृतक जिलेदार के बीच अच्छे सम्बन्धा थे वृहस्पतिवार की शाम पिंटू और जिलेदार ने जफराबाद बाजार में एक साथ बैठ कर शराब पिया और पिंटू ऑटो लेकर सेवईनाला की तरफ जा रहा था तभी ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें जिलेदार ऑटो की चपेट में आकर घायल हो गया पिंटू ने जिलेदार को ऑटो में डाल कर इलाज हेतु ले जा रहा था तभी जिलेदार ने ऑटो में ही दम तोड़ दिया घबराए पिंटू ने जिलेदार के शव को बालेमऊ रेलवे अंडरपास के पास फेक दिया और भाग गया शव मिलने की जानकारी पर मौके पे पहुंची पुलिस कार्यवाही में लगी थी वही मृतक के परिजनों ने पिंटू के खिलाफ नामजद हत्या की तहरीर दी थी पुलिस ने जब आरोपी पिन्टू से पकड़ कर पूछताछ शुरू की और पोस्टमार्डम रिपार्ट पर जांच शुरू की तो मामला खुला ज्ञात हो दो दिन पूर्व मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से मिलकर कार्यवाही की मांग की थी। इस बारे में थानाध्यक्ष बिक्रम लक्ष्मण सिंह का कहना है कि दोनों साथ ही एक ऑटो में बैठे थे ऑटो पलटने से लगी चोट से ही जिलेदार की मौत हुई थी आरोपी चालक को गिरफ्तार कर उचित कार्यवाही की जा रही है।

## बेहोशी की हालात में मिला जहरखुरानी का शिकार युवक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर रोड पर शाहपुर गांव में पीली नदी के पास जहरखुरानी का शिकार एक युवक बेहोशी हालात में मिला। जानकारी होने पर लोगों ने आपातकालीन एंबुलेंस सेवा 108 से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। गंभीर हालात होने के कारण डॉक्टरों ने बेहोशी के शिकार युवक का प्रथम उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना बुधवार अपरान्ह की है। जहरखुरानी के शिकार युवक की पहचान कृष्ण कुमार सिंह 36 वर्ष पिता का नाम वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम रामपुर खुर्द सुल्तानपुर के रूप में हुई है। युवक ज्यादा कुछ बता पाने में असमर्थ था! प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक इलाहाबाद से शाहगंज की ओर जा रही एक राजकीय बस के परिचालक ने जहरखुरानी के उस युवक को शाहपुर पुल के पास उतार कर चला गया!

## वादकारियों को समय से न्याय दिलाने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका– एसडीएम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील सभागार में बुधवार को नवागत एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर एक दूसरे से परिचय का आदान प्रदान किया। एसडीएम ने कहा कि बार–बेंच के बीच आपसी सामंजस्य नितांत आवश्यक है। न्यायिक कार्यों में गतिरोध न पैदा होने से वादकारियों को समय से न्याय मिलेगा। इस कड़ी में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है! इसके बाद तहसील कर्मियों से भी परिचय प्राप्त कर उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन समय से करने का निर्देश दिया। कहा की सभी लोग आम जनता की समस्याओं को सुनें तथा उसके समाधान में सहयोग करें। इस अवसर पर तहसीलदार मृदुला दुबे, बार के अध्यक्ष हरीलाल पाल, महामंत्री ज्ञानेंद्र सिंह, विनोद सिंह, राजदेव यादव, जीत बहादुर सिंह, भानुप्रताप सिंह लालता प्रसाद, राय अवीन्द्र प्रताप सिंह, एन पी सिंह ,राघवेंद्र मणि त्रिपाठी सहित अधिवक्ता व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधान ने लगाया पूर्व प्रधान पर आरोप पंचायत भवन और गांधी चबूतरे की भूमि पर जेसीबी लगाकर खुदवा दिया गड्ढा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय विकास खंड के चकजद्दू दूबे गांव में पंचायत भवन और गांधी चबूतरा के लिए आरक्षित जमीन पर जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर उसकी मिट्टी ईट भट्ठे को बेच दी गई। पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो ग्राम प्रधान ओमप्रकाश यादव ने इसकी शिकायत मुख्य विकास अधिकारी से की है। आरोप है कि गांव के पूर्व प्रधान ने जबरन सरकारी जमीन पर जेसीबी लगाकर गड्ढा खोदवाया और उससे निकली मिट्टी ईट भट्ठे को बेच दी। ऐसे में अगर अब वहां पंचायत भवन और गांधी चबूतरा का निर्माण कराना हुआ तो करीब 3 फीट से भी अधिक गहरे गड्ढे को पाटने में ही काफी धन खर्च हो जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्राम प्रधान ओम प्रकाश यादव ने कहा है कि गांव में आराजी संख्या 33/ 028 हेक्टेयर पंचायत भवन के लिए और आराजी संख्या 34 /004 हेक्टेयर गांधी चबूतरा के लिए आरक्षित की गई है। इसी भूखंड पर ग्राम प्रधान ने अभी हाल ही में पंचायत भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव भी दिया है। गांव के लोग पंचायत भवन निर्माण का इंतजार ही कर रहे थे तभी गांव के एक पूर्व प्रधान ने सरकारी जमीन पर जेसीबी से गड्ढे खुदवा दिया और उससे निकली मिट्टी का एक ईंट भट्ठे से सौदा कर लिया। ग्राम प्रधान के मुताबिक जब उन्होंने पूर्व प्रधान को ऐसा करने से मना किया तो वह मारपीट पर उतारू हो गए। उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस से की लेकिन पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से गुहार लगाई है कि वह सरकारी जमीन पर गड्ढा खुदवाने और उसकी मिट्टी का सौदा करने वाले पूर्व प्रधान के खिलाफ कार्रवाई के लिए बक्शा थाने की पुलिस को निर्देशित करें। उधर इस घटना से गांव के लोगों में भी गहरा रोष है।वही इस मामले में थानाध्यक्ष बक्शा ओम नारायण सिंह ने बताया कि कोई थाने पर नहीं आया है यह मामला राजस्व से संबंधित है यदि राजस्व की टीम शिकायत करेगी तो कार्यवाही की जाएगी।

# थाना जलालपुर पुलिस ने एक किलो दो सौ ग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा जनपद मे अवैध मादक पदार्थों की बिक्री की रोकथाम व संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्वेक्षण में थाना जलालपुर पुलिस त्रिलोचन बाजार पुलिया पर संदिग्धा व्यक्ति वाहन के चेकिग में मामूर थी कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली की ग्राम भाऊपुर के तरफ से एक व्यक्ति नजायज गांजा लेकर त्रिलोचन बाजार की तरफ आने वाला है यदि जल्दी किया गया तो पकडा जा सकता है कि इस सूचना पर विश्वास कर पुलिस बल द्वारा मुखबिर के इशारे पर रायगंज (कुसाव) बाजार पुल के पास से एक व्यक्ति को पकड लिया गया पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो आपना नाम प्रमोद सिंह पुत्र स्व0 श्याम नरायन सिंह ग्राम जगापुर थाना जलालपुर जौनपुर बताया, जिसके कब्जे से एक थैला जिसमें 1.200 कि0ग्रा0 नाजायज गांजा बरामद हुआ उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–205/22 धारा–8/20 NDPS ACT पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तगण– प्रमोद सिंह पुत्र स्व0 श्याम नरायन सिंह ग्राम जगापुर थाना जलालपुर जौनपुर। बरामदगी– 1.200 कि0ग्रा नाजायज गांजा गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.उ0नि0 रामबिलास थाना जलालपुर जौनपुर। 2.का0 आनन्द सिंह, थाना जलालपुर जौनपुर। 3.का0 सुनिल यादव थाना जलालपुर जौनपुर।

# तीस तीस हजार रुपए अर्थदंड के साथ दोहरे हत्याकांड में तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने बदलापुर थाना क्षेत्र में छः वर्षों पूर्व प्रेमी युगल की हत्या करने के तीन आरोपियों को गुरुवार को आजीवन कारावास एवं 30–30 हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार बदलापुर थाना क्षेत्र के ढेमा गांव निवासी वीरेंद्र सिंह ने मुकदमा पंजीकृत करवाया उसकी लड़की प्रतिमा सिंह का प्रेम संबंध प्रशांत उपाध्याय निवासी असुवापार थाना बदलापुर के साथ था। 14 दिसंबर 2016 की रात वह प्रतिमा को बहला–फुसलाकर कहीं लेकर गया, उसके बाद दोनों का कुछ पता नहीं चल रहा था। 20 दिसंबर 2016 को सूचना मिली कि पूरे लाल चौराहा स्थित सरयू सिंह कटरा में प्रशांत उपाध्याय के हार्डवेयर की दुकान में प्रशांत व प्रतिमा का शव पड़ा हुआ है। प्रतिमा का शव दुपट्टे से फंदा लगा हुआ था जबकि प्रशांत का शव गद्दे पर पड़ा था। इन दोनों की हत्या नवीन सिंह निवासी आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़, गोलू उपाध्याय निवासी कस्तूरी पुर थाना बदलापुर व कृपाशंकर हरिजन निवासी असुवापार थाना बदलापुर ने किया है। मृतक प्रशांत उपाध्याय के पिता ने भी बयान दिया कि प्रतिमा सिंह पहले नवीन सिंह की मोबाइल की दुकान पर अक्सर जाती थी। उसके बाद वह प्रशांत उपाध्याय से नजदीकियां बढ़ा ली। जिससे नाराज होकर



नवीन सिंह ने दोनों को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने विवेचना करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लाल बहादुर पाल के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने आरोपी गण नवीन सिंह, गोलू उपाध्याय व कृपाशंकर हरिजन को धारा 302 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 30–30 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। जुर्माने की धनराशि में से आधा पैसा मृतका के पिता को देने का भी आदेश दिया है।

## पशुशाला को 19 कुन्तल भूसा किया दान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ग्राम पंचायत अदारी के ग्राम प्रधान व प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने अस्थायी गो आश्रय स्थल सराय यूसुफ मछलीशहर मे पशुओं के लिए 19 कुन्तल भूसा दान दिया है उनके इस कार्य की सराहना हो रही है। मछलीशहर ब्लाक के अनतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अदारी के प्रधान तथा प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रसेन गिरि ने पशुओ को चारा के लिए सराय यूसुफ के गोशाला मे पहुच कर 19 कुन्तल भूसा दान किया है उनका कहना है की अभी और पशुशालो पर भूषा दान करुगा। उनके भूसा दान करने पर लोग उनकी सराहना कर रहे।

# उत्तर–प्रदेश सरकार द्वारा लांच किया गया उद्यम सारथी एप – हर्ष प्रताप सिंह

जौनपुर सू.वि. : उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, जौनपुर हर्ष प्रताप सिंह ने साधारण को अवगत कराया है कि उत्तर–प्रदेश सरकार द्वारा उद्यम सारथी एप लांच किया गया है। यह एप ओपेन टू आल एप है, जिसे मोबाइल नं0 पंजीकरण के उपरान्त ही प्रयोग में लाया जा सकता है। विभिन्न लोन सम्बन्धी लाभ परक योजनाओं का बेवसाइड लिंक, एप द्वारा एक क्लिक पर प्राप्त हो जाता है। उद्यम सारथी एप के माध्यम से विभिन्न विभागीय मार्जिन मनी योजनाओं भारत सरकार –जैसे प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, स्टैन्ड अप योजना, क्रेडिट गारन्टी फन्ड ट्रस्ट फार माइक्रो एण्ड स्माल इन्टर प्राइजेज, पी0एम0 फार्मलाइसेशन आफ माइक्रो फूड प्रासेसिंग इन्टर प्राइजेज स्कीम, कलस्टर विकास योजना तथा राज्य सरकार के अन्तर्गत विभिन्न विभागों की विभिन्न रोजगार परक योजनायें व नीतियॉ जैसे– मुख्यमंत्री किसान एवं सर्वहित बीमा योजना, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, किसान उदय योजना, पी0एम0 स्वनिधि योजना, सोलर पम्प योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजनायें एवं टूलकिट प्रशिक्षण योजना, सामान्य सुबिधा केन्द्र प्रोत्साहन तथा विपणन विकास सहायता योजना एवं बैंक योजनायें जैसे– पी0एस0बी0 लोन, विभिन्न समूहों के लिये योजनायें, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक आदि योजनायें सम्बन्धी प्रोजेक्ट रिपोर्ट सहित सभी जानकारी का प्राविधान है। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

## शव रखकर मार्ग जाम करने वालो व ईट पत्थर फेंकने वालो की वीडीओ फुटेज से होगी पहचान – एसपी ग्रामीण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) जिले के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के गुंधौर गांव में कल हुई युवक की हत्या के मामले में बुधवार को सुबह कुछ लोगो द्वारा शव को जलालपुर तारुन रोड पर लाश रखकर मार्ग जाम करने व पुलिस पर ईट पत्थर फेंकने के मामले में पुलिस सख्त से सख्त कार्यवाही करेगी,वही हत्यारों को शीघ्र ही दबोचने के लिए पुलिस टीम लगी है।इस संबंध में एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बताया कि हत्यारों को दबोचने के लिए कुछ लोगों को पूंछ तांछ के लिए उठाया गया है। जल्दी ही मुख्य आरोपी के गिरफ्तारी होने का दावा किया ही।उन्होने बताया कि आज की घटना में कुछ उपद्रवी तत्व शामिल थे जिनकी पहचान बीडीओ फुटेज से करते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है।

## माया अवध पत्रिका के ब्यूरो चीफ अजय श्रीवास्तव के भतीजी की शादी में रहा विभिन्न क्षेत्रों के लोगों का समागम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) बुधवार को शहर के होटल शान– ए – अवध होटल में राजनीतिक व गैर राजनैतिक दलों के साथ–साथ अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का समागम रहा।वहीं इसी कड़ी में जिले के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ–साथ पत्रकार जगत से जुड़े सम्मानित पत्रकार गण,चिकित्सा व्यापार पुलिस जिला प्रशासन के साथ–साथ अन्य प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पदाधिकारी एक साथ दिखे।मौका था जिले के वरिष्ठ पत्रकार व माया अवध मासिक पत्रिका के ब्यूरो चीफ अजय कुमार श्रीवास्तव उर्फ अज्जू के भतीजी की शुभ विवाह कार्यक्रम का।इस मौके पर पर जहाँ एक ओर आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह,भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी मनोज श्रीवास्तव,सांसद लल्लू सिंह के पुत्र व समाज सेवी विकास सिंह,मुख्य कोषागार अधिकारी,डाक्टर आर वी वर्मा,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या,भाजपा नेता धर्मेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ टिल्लू,रालोद के वरिष्ठ पदाधिकारी व वरिष्ठ पत्रकार सुमित सिंह मौजूद रहे।वही देर रात तक शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक व वरिष्ठ पत्रकार डाक्टर अजय तिवारी,इकबाल अंसारी,शिक्षक नेता चन्द्र






शेखर,वर्धन जी (आईईएस) सहित विभिन्न राजनैतिक दलो,पत्रकार जगत से जुड़े सम्मानित पत्रकार गण व गैर राजनैतिक दलो ,जिले के अनेक विभागो के अधिकारी व कर्मी सहित अन्य लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

## कैंसर के उपचार में नैनोकण उपयोगी – डॉ0 अम्बक कुमार राय

अयोध्या।(डाक्टर आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की "स्तुति" योजना के अन्तर्गत संचालित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संत कबीर सभागार में किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन बुधवार को जैव प्रौद्योगिकी विभाग, मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, प्रयागराज के डॉ0 अम्बक कुमार राय ने नैनोकण एवं व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता के मध्य अंतर संबंध पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैंसर की रोकथाम में नैनोकण उपयोगी हैं। इसके उपचार से कैंसर की बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बायो के क्षेत्र में तकनीकी निर्माण से क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 अम्बक ने शोधकर्ताओं को वर्तमान में नैनोकण पर हो रहे शोध कार्यो से अवगत कराते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में प्रीटोरिया विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व शोध वैज्ञानिक डॉ० सुरेन्द्र विक्रम ने बताया कि वर्तमान में जैवीय समस्याओं का जैव सूचना विज्ञान की सहायता से निराकरण किया जा सकता है। बायोइनफॉर्मेटिक्स आने वाले समय में एक बेहतर भविष्य साबित हो सकता है। उन्होंने डीएनए सीक्वेंस पर जानकारी देते हुए बताया कि रिसर्च के क्षेत्र में बायोइनफॉर्मेटिक्स बहुत ही उपयोगी है। इसे सूचना तकनीकी में लाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मालिक्यूलर बायोलॉजी के क्षेत्र में बायोलॉजिकल डाटा के प्रबंधन एवं विश्लेषण में कम्प्यूटर उपयोगी सिद्ध हो रहा है। डॉ० सुरेन्द्र ने शोधकर्ताओं को बताया कि आने वाला समय इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च का होगा। कार्यक्रम को प्रो0 सत्येन्द्र कुमार गर्ग, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, प्रो0 राजीव गौण, प्रो0 तुहिना वर्मा, डॉ0 वंदना रजंन, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 सत्य प्रकाश सिंह, डॉ0 अजय कुमार, अंकुर श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने छात्र–छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया एवं विभिन्न सॉफ्टवेयरों से प्रशिक्षित कराया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने किया। इस अवसर शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## सूत्र के मुताबिक फरवरी 2023 में राम मंदिर मॉडल पर बने रेलवे स्टेशन के उद्घाटन होने की संभावना

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)राम मंदिर मॉडल की तर्ज पर अयोध्या के रेलवे स्टेशन के स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया स्टेशन को जल्द ही यात्रियों के लिए खोले जाने की है तैयारी, अयोध्या के सांसद ने किया निरीक्षण, अयोध्या। राम मंदिर मॉडल के तर्ज पर तैयार अयोध्या मॉडल रेलवे स्टेशन के फस्ट फेज का कार्य दिसंबर 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद फरवरी में इस मॉडल रेलवे स्टेशन को यात्रियों के लिए शुरू भी कर दिया जाएगा। रेलवे विभाग इस स्टेशन के उद्घाटन की तैयारी शुरू कर दी है माना जा रहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या के रेलवे स्टेशन का उद्घाटन के लिए पहुंच सकते हैं। राम जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा है। जनवरी 2024 में मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला विराजमान हो जाएंगे। जिसके बाद दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ जाएगी। जिसको देखते हुए अयोध्या में यात्री सुविधाओं को भी तेजी से तैयार किया जा रहा है। इसी के तहत यात्रियों के प्रमुख सुविधा रेलवे स्टेशन को भी बहुत ही बड़े स्तर पर तैयारी की गई है। 50 हजार से अधिक यात्रियों के रुकने वाली आधुनिक सुविधा युक्त स्टेशन का निर्माण किया गया है। सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा रेलवे स्टेशन अयोध्या में बने मंदिर मॉडल रेलवे स्टेशन को आधुनिक व्यवस्थाओं के साथ धार्मिकता का भी ध्यान रखा गया है। और राम मंदिर के तर्ज पर रेलवे स्टेशन को भी बंसी पहाड़पुर के पत्थरों को लगाया गया है। जो कि यह स्टेशन अगले 100 वर्ष तक सुरक्षित रहेगा। साथ ही स्टेशन के अंदर विशेष सुविधा युक्त बनाया गया है। जिसमे दो फुट प्लाजा, चार एक्सीलेटर, 6 लिफ्ट लगाए गए हैं। इसके साथ यात्रियों के लिए एसी व नानएसी वेटिंग रूम साथ महिलाओं व पुरुषों के लिए शौचालय, गर्भवती व दूध पिलाने वाली महिलाओं के लिए अलग व्यवस्था दिया गया है। इसके साथ ही मेडिकल, डिजिटल क्लॉक रूम, शीशी टीवी व फायर अरेंजमेंट की भी व्यवस्था बनाई गई है। 100 वर्ष तक तक सुरक्षित दिखेगा अयोध्या का स्टेशन मॉडल रेलवे स्टेशन का निर्माण कर रही राइट्स के अधिकारी अनिल कुमार जौहरी ने बताया कि इस पूरे मंदिर के स्ट्रक्चर को आगे 100 वर्ष तक सुरक्षित रखे जाने का ध्यान रखते हुए कंक्रीट का स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। इसके बाहर लगाए गए पत्थर बंसी पहाड़पुर के है। जो राम मंदिर भी लगाए जा रहे हैं। इस स्टेशन के ऊपर से 2 शिखर, 4 पिरामिड, बीच मे मुकुट, धनुष जो मंदिर का एक स्वरूप प्रदान करता है। वह नजर आएगा। वही कहा कि बिल्डिंग का कार्य पूरा हो चुका है। बाकी प्लेटफार्म व उस पर फुट ओवरब्रिज बनाये जाने का कार्य है जो दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा। और उसके बाद इस के उद्घाटन का कार्य किया जाएगा जिसके लिए फरवरी 2023 तक शुरू किया जा सकता है। अयोध्या के मॉडल स्टेशन पर मिलेगी सभी प्रकार की सुविधाएं वहीं अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अयोध्या रेलवे स्टेशन का फस्ट फेज तैयार है जल्द ही यह प्रारंभ भी हो जाएगा। वही दूसरे फेज का कार्य अभी सरकार ने स्वीकृति नहीं दी है जिसके मिलने के बाद दूसरा कार्य भी प्रारंभ हो जाएगा। इस स्टेशन पर सभी प्रकार की सुविधाएं जो अन्य स्टेशनों पर भी नहीं है।यहां पर हैं यात्रियों के रोकने के लिए भी व्यवस्थाएं बनाई गई हैं। अब दिसंबर तक इसमे बचे कार्य को पूरा कर लिया जाएगा और फिर इसका उद्घाटन किया जाएगा। जिससे इस स्टेशन पर आने यात्रियों को सुविधा मिल सके।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) मोदी सरकार महिलाओं की सुरक्षा व आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।केंद्र में मोदी सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर मया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भाजपा मंडल अध्यक्ष घनश्याम पांडेय की अध्यक्षता मे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया! मुख्य अतिथि के रूप मे महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष विनीता मोदनवाल ने मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, घर घर शौचालय, स्वच्छता अभियान, जनधन योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि के बारें में बताया और कही कि मोदी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण व आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है! जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न मोदनवाल ने कहा कि मोदी सरकार के आठ वर्ष का कार्यकाल सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा है ! शिविर मे् महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विटामिन, ऑयरन व कैल्शियम की दवा व सेनेटरी पैड, मास्क आदि का वितरण किया गया! स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अंशुमान यादव, डा. करूणा चौधरी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर शरबत,परिवार कल्याण काउंसलर सुनीता पटेल ,मुबारक अली इदरीशी, आशा बहुए व संगिनी आदि उपस्थित रही।

### महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला पहुंचा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दरबार मे

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत भटौली हरीराम पुर बसवार कला निवासनी महिला शौच के लिए गई थी।पीडिता का कहना है की गांव के राम शंकर और पंकज ने असलील हरकत करने लगे।विरोध करने पर छेड़छाड़ के साथ मार पीट की। घर वापस आई अपने पति से आप बीती पति से बताया । छेड़छाड़ करने वालों के घर पहुंच शिकायत करने पर मेरे पति को विपक्ष के घर वालों ने एकजुट हो पिटाई करने लगे अपने पति को बचाने के लिए वहां जब पहुंची तो उनके घर वालों ने दोनों को मारा, घटना के संबंध में थाना इनायतनगर पुलिस को सूचना दी गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीडित महिला न्याय के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पास पहुंच कर लगाई न्याय की गुहार लगाई। इस संबंध में पत्रकार टीम द्वारा थाना अध्यक्ष से बात करना चाहा तो फोन रिसीव नहीं हुआ।

## माकपा पदाधिकारियो ने विभिन्न मांगो को लेकर डीएम को संबोधित एडीएम प्रशासन को सौपा ज्ञापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी मया ब्रान्च कमेटी द्वारा पूर्व निधारित कार्यक्रम के अनुसार 11 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ब्रान्च सचिव कॉम अखिलेश सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सम्बोधित 11 सूत्रीय मांग पत्र एडीएम प्रशासन को सौपा गया।मांग पत्र में मया ब्लाक के केशवपुर ग्राम सभा के प्राधान द्वारा जलाशय पाट कर खड़ंजा बैठाने,चारा गाह की जमीन पर से मिट्टी खोदकर बेचने, मया ब्लाक के खंड विकासाधिकारी के फोन बंद होने, कोटेदारों द्वारा दुकान समय से न खोलने,पूरे विकास खण्ड में सामुदायिक शौचालयों व स्वछ भारत मिशन के तहत शौचालयों को पूरा करने,और कोटेदारों द्वारा राशन।में बड़े पैमाने पर की जा रही घटतौली को रोकने,आदि मांगो को लेकर मांग पत्र दिया गया है।माकपा जिला कमेटी सदस्य पूर्व प्रदेश महासचिव कॉम सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि केंद्र सरकार को मंशा के खिलाफ मया ब्लाक के ग्राम सभा केशवपुर में वही के प्राधान द्वारा जलाशय को पाटकर अमृत सरोवर योजना को धता बता रहे है।वहां के दबंग प्राधान द्वारा जलाशय को पाट कर खड़ंजा लगाया गया है।इसी मामले में लेखपाल ने जांच के दौरान दोषी पाया प्राधान को लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नही हुई।वही दूसरी तरफ चारा गाह की भूमि पर से 160 ट्राली मिट्टी खोदवा कर बेंच दिया है जिसमे 96 हजार का जुर्माना भी लागया है उसके बाद भी कोई कार्यवाही प्राधान के खिलाफ नही हो पा रही है।संगठन इस मामले को अंत तक लड़ेगा।इस मौके पर जिलाध्यक्ष कॉम धीरज द्विवेदी ने कहा कि पूरे ब्लाक में भ्रष्टाचार फैला हुआ है ,खण्ड विकासाधिकारी का हमेशा फोन बंद रहता है।जिससे आम जनता परेशान होती है।वही मण्डल प्राभारी कॉम विनोद सिंह ने कहा कि कोटेदारों द्वारा राशन वितरण समय से दुकान नही खोला जाता है और राशन में बड़े पैमाने पर घटतौली किया जा रहा है।पूरे ब्लाक में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगी। प्रतिनिधि मंडल में विनीत सिंह, अखिलेश सिंह,विनोद सिंह, अखंड यादव, फारुख,सत्यभान सिंह जनवादी,धीरज द्विवेदी,नबाब अली आदि लोग मौजूद रहे।

## एक अंतराष्ट्रीय कवि की प्रशासन व एसडीएम बीकापुर के नाम चिट्ठी में दिया आत्मदाह की धमकी

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) सांसद और विधायक के कहने के बावजूद तहसील प्रशासन हमारी मुस्तरका बाग में पंचायत भवन बनवाने के लिए गढ्ढे बना दिए हैं।बगल बाग की बगल मे 24 एयर जमीन ग्राम समाज की है उसमें न तो हमारा कोई पेड़ है और न ही निर्माण, प्रधान और लेखपाल की साजिश से नाप जोख हमारी बाग में कर दिए हैं उपजिलाधिकारी महोदय ने तीन लेखपालों की टीम गठित करके नापने का आदेश पारित किया है आज हमें सूचना दिए कि नापने आऊंगा परंतु मैं दिन भर प्रतीक्षा करता रहा नहीं आए ,लेखपाल से बात करने पर उन्होंने कहा अब मैं फोर्स लेकर आऊंगा और नींव भरवाऊंगा। मैं मानसिक रूप से थक गया हूं हमारा लेखन प्रभावित हो रहा है।यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ और हमारे ऊपर प्रेसर बनाकर हमारी जमीन कब्जा की गई तो मैं आत्मदाह कर लूंगा इसकी जिम्मेदारी प्रधान लेखपाल और तहसील प्रशासन की होगी।

## भाजपा सरकार को शक्तिशाली और मजबूत बनाने के लिए अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने कार्यक्रम का आयोजन किया

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार।' अयोध्या शहर के साहबगंज के रामजानकी मन्दिर में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सभी पदाधिकारी गण समाज के साथ बैठकर संवाद किया गया और समाज के सम्मानित व्यक्तियों का सम्मान किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गो को भाजपा की सेवा सुशासन गरीब कल्याण योजना अभियान सम्बंधित जानकारी और भाजपा के द्वारा समाज के हित के लिए किए गए कार्यों को सराहा। अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक का कार्यक्रम देवकाली मण्डल अध्यक्ष प्रमोद गोंड़ जी के नेतृत्व में किया गया जो बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष संतोष कुमार गोंड़ , सुनील कुमार गोंड़ अयोध्या मण्डल अध्यक्ष, देव नाथ गोंड़ पूरा बाजार मण्डल अध्यक्ष मंगल प्रसाद गोंड़, महानगर महामंत्री भीम गोंड, महानगर महामंत्री सोनाली गोंड़ आप सम्मानित व्यक्ति शामिल थे। इस कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष जनजाति महिला मोर्चा भी उपस्थित थी। इस कार्यक्रम 17 लोगों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सम्मानित पदाधिकारी गण राजेश गोंड़, देवकाली मण्डल मंत्री माता प्रसाद गोंड़, अयोध्या मण्डल महामंत्री विकास कश्यप, देवकाली मण्डल महामंत्री,और महिला मोर्चा की सुनीता गोंड़, विद्यादेवी गोंड़, छाया देवी गोंड़,उर्मिला गोंड़,संगीता



गोंड़,अंजू गोंड़,सोनी देवी, स्वाति गोंड, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार गोंड़, किशन गोंड़, विवेक कुमार गोंड़,पुजन गोंड़, ऋषि गोंड़ आदि लोग मौजूद थे।आदि स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे । कार्यक्रम में बताया गया कि अपने समाज को और अधिक मजबूत बना सकते है जो समाज के लिए बहुत कुछ करना चाहते है साथ ही हमें यह भी ध्यान रखना है कि देश के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार को और मजबूत बनाना है ताकि देश शाक्तिशाली बने तभी हम प्रदेश को समृद्धशाली बना सकते है।

## ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक अंबानी बने अडानी से अमीर आदमी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एम.डी. मुकेश अंबानी 4 जून को शेयरों में रिकॉर्ड तेजी के बाद अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी को पीछे छोड़ते हुए एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।इस संबंध में लेखिका व अयोध्या जनपद की गीताजंलि शर्मा ने बताया कि 4 जून को ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक अंबानी की कुल संपत्ति 101 अरब डॉलर है और उन्हें इस सूची में 7वें स्थान दिया गया है। जबकि, गौतम अडानी 95.8 अरब डालर की संपत्ति के साथ 9वें स्थान पर हैं।आपको बता दें कि ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक टॉप 10 बिजनेसमैन में 1) इलॉन मास्क 2) जेफ बेजोस 3) बर्नाड अरनॉल्ट 4) बिल गेट्स 5) वारेन बफे 6) लैरी पेज 7) मुकेश अंबानी 8) सर्गी ब्रिन 9) गौतम अडानी 10) स्टीव बाल्मर है।मुकेश अंबानी ने मुंबई के पेडर रोड स्थित हिलग्रेंज हार्ड स्कूल में पढ़ाई की और इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियरिंग में बीई की डिग्री प्राप्त की। बाद में अंबानी ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में एम.बी.ए. के लिए दाखिला लिया।लेकिन, 1980 में अपने पिता के बिजनेस में मदद करने के लिए उन्होंने डिग्री बीच में छोड़ दी। मुकेश अंबानी की कंपनी धीरे–धीरे एनर्जी, पेट्रोकेमिकल्स, टैक्सटाइल्स, नेचुरल रिसोर्सेज, टैक्सटाइल्स और टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी कार्य करने लगी थी। वर्ष 2002 में धीरूभाई अंबानी का निधन होने के बाद रिलायंस कंपनी दो ग्रुप में बट गई। मुकेश अंबानी ने गुजरात में पेट्रोलियम रिफाइनरी को स्टार्ट किया। वर्ष 2006 में मुकेश ने रिलायंस फ्रेश स्टोर को शुरू किया जो, खाद पदार्थों और विभिन्न घरेलू उत्पादों को बेचने से जुड़ा है। वर्ष 2008 में आई.



पी.एल की मुंबई इंडियंस टीम की फ्रेंचाइजी को खरीदा था और 2016 में मुकेश अंबानी ने टेलीकम्युनिकेशन के क्षेत्र से जुड़ी जिओ कंपनी शुरू करी। हाल ही में इन्होंने अपने बच्चों के साथ मिलकर जिओ गीगा फाइबर नामक ब्रॉडबैंड सर्विस भी शुरू किया है।अगर बात करें गौतम अडानी की तो उन्होंने अपनी स्कूल शिक्षा अहमदाबाद के शेठ सीएन विद्यालय स्कूल से किया और गुजरात विश्वविद्यालय से कॉमर्स में स्नातक की डिग्री के लिए प्रवेश लिया लेकिन, दूसरे वर्ष के बाद वे बाहर हो गए।वही अडानी ने अपने पिता के कपड़े के व्यवसाय को नहीं संभाला बल्कि व्यवसाय के प्रति आकर्षित होने के कारण इन्होंने अपने बिजनेस को आगे बढ़ाया।1978 में दो–तीन वर्षो तक हीरा सॉर्टर के रूप में काम करने के बाद उन्होंने खुद की डायमंड ब्रोकरेज की स्थापना की। वर्ष 1981 में गौतम के बड़े भाई मनसुखभाई अडानी ने एक प्लास्टिक इकाई खरीदी और गौतम को संचालन के प्रबंधन के लिए आमंत्रित किया। इसके बाद से गौतम ने 1988 में अडानी एक्सपोर्ट्स की स्थापना की। 90 के दशक में इन्होंने धातुओं, वस्त्रों और कृषि उत्पादों के व्यापार जैसे विभिन्न क्षेत्रों में अपना कारोबार विस्तार किया। 1994 में मुंद्रा पोर्ट कॉन्ट्रैक्ट का विस्तार भी किया और अपने जीवन में आगे बढ़ते चले गए।भारत में अमीरों की लिस्ट में उठापटक जारी रहती है। मुकेश अंबानी और गौतम अडानी का अमीरों की लिस्ट में आगेदृपीछे आना लगा रहता है। यह दोनों उद्योगपतियों ने अपनी जीवन में बहुत मेहनत करी है जिसका परिणाम अब देखने को मिलता रहता है।

### नाजायज स्मैक के साथ दो को किया गिरफ्तार

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के महाराजगंज थाना अंतर्गत नाजायज स्मैक के साथ बीती रात चेकिंग के दौरान अमोनी चौराहे के निकट से दो को किया गिरफ्तार थाना अध्यक्ष महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपराध अपराधियों मादक पदार्थ की विक्रेताओं की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह कांस्टेबल पासी शैलेश गुलाबचंद द्वारा अपराधियों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की जा रही थी कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली की अ मोनी चौराहे के निकट दो संदिग्ध अवस्था में युवक खड़े हैं मुखबिर की सूचना पर तत्काल उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार अपने हमराह कांस्टेबल के साथ स्थल पर पहुंचे तो दोनों युवक पुलिस को देखकर भागने लगे पुलिस द्वारा दौरा कर दोनों अभियुक्तों को पकड़ लिया गया थाने पर लाकर पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम मायाराम कोरी पुत्र लहुरी ग्राम पातेपुर कोतवाली बीकापुर जनपद अयोध्या बताया जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास से 14 ग्राम नाजायज स्मैक बरामद हुई वहीं दूसरे अभियुक्त ने अपना नाम नीलेश यादव पुत्र झ डू ले ग्राम भोया थाना महाराजगंज जनपद अयोध्या बताया पुलिस द्वारा जामा तलाशी लेने पर अभियुक्त नीलेश यादव के पास से 12 ग्राम नाजायज इसमें बरामद होने पर मुकदमा अपराध संख्या 212 बटा 22 213 बटा 22 धारा आठ बटा 21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया है थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह के सख्त रवैया के चलते अपराधियों एवं मादक पदार्थ विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है।

### दो पक्षों में हुई मारमीट में आठ लोग हुए लहूलुहान

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिले के पटरंगा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर चल रही पुरानी रंजिश से खार खाए दो पक्ष के लोग रविवार की देर शाम आमने सामने हो गए और वाद विवाद के दौरान दोनों पक्षों के मध्य लाठी डंडे चलने लगे।मारपीट की इस घटना में आठ लोगों को चोट लगने की बात बताई जा रही है।जिसमें तीन लोगों को गंभीर चोट आई है।मामले में पुलिस ने दोनों पक्षो की ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।सूत्र के मुताबिक यह मामला पटरंगा थाना अंतर्गत पूरे नंदू मिश्र गांव का है।जहाँ के निवासी राम किशोर गौतम व साहेब शरन यादव के बीच जमीनी विवाद को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी कि रविवार की देर शाम मामला उस वक्त उलझ गया।जब राम किशोर गौतम का लड़का अपनी भैंस को लेकर घर जा रहा था।रास्ते मे खड़े विनोद व सुशील ने उन्हें रोक इस रास्ते से भैंस न ले जाने के लिए कहा।बस इतनी सी बात पर दोनों पक्ष के लोग इकठ्ठा हुए और गाली गलौज के साथ दोनों में मारपीट शुरू हो गई।मारपीट में रामकिशोर गौतम की ओर से चार लोग घायल हुए।जिसमें दो को गंभीर चोट बताई जा रही है।वही साहेब शरन के पक्ष से भी चार लोग चोट खाए जिसमें एक को गंभीर चोट लगने की बात बताई जा रही है। मारपीट की इस घटना को लेकर दोनों पक्षों की ओर से थाने में तहरीर दी गई।पुलिस ने दोनों पक्षों से घायल आठ लोगों का मेडिकल परीक्षण कराया और दोनों पक्षों की तहरीर में नामजद नौ लोगों के मारपीट छेड़खानी सहित एससीएसटी जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरू कर दी है।इस मारपीट के मामले दोनों पक्ष के लोगों को चोट लगी।पुलिस ने साहेब सरन की तहरीर पर पहले मुकदमा लिखा।बाद में दलित पक्ष से मिली तहरीर पर भी मुकदमा लिख दिया।इसकी भनक लगते ही साहेब सरन पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए और पुनः सोमवार की सुबह करीब दर्जन भर साथियों के साथ दलित राम किशोर के घर हमला बोल तोड़ फोड़ किया।इसकी सूचना पर जब तक पुलिस पहुंचती तोड़ फोड़ करने वाले लोग फरार हो गए।इस बाबत एसओ पटरंगा विवेक सिंह ने कहा चाहे जो हो गुंडई करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही तय है।

### युवती लापता : गुमसुदगी का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली के एक गांव की युवती मंगलवार देर साँय नगर आयी हुई थी। किन्तु देर रात तक घर नही पहुँची। कोतवाली पुलिस ने युवती की माँ की तहरीर पर गुमसुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर से सटे एक गाँव की महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर अपनी 20 वर्षीय पुत्री के लापता होने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार वह मंगलवार साँय घर बाहर किसी कार्य से गई थी। वापस लौटी तो बेटी घर पर नही थी। देर साँय होने के बाद वह वापस नही आई तो अगल बगल पूछताछ किया। उसके बाद बुधवार सुबह से दोपहर तक सभी रिश्तेदारों के यहाँ खोजबीन की। किन्तु वह नही मिली। प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने मामले बाबत कहा कि महिला की तहरीर पर गुमसुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती की खोजबीन भी लगातार की जा रही है।

### तीन भट्ठा संचालकों सहित 25 पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ऊर्जा प्रबन्धन के निर्देश पर बिजली चोरी के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के तहत मछलीशहर एस डी ओ अमर सिंह पटेल एवं जे.ई. अभिषेक केसरवानी व लाइन स्टाफ की टीम के द्वारा मछलीशहर अंतर्गत ग्राम तरसांव, हिसामुद्दीनपुर, सरायभोगी,मंदहा, मुस्तफाबाद एवं निकामुद्दीनपुर में बिजली चोरी करने वाले तीन भट्ठा संचालकों सहित कुल 25 लोगों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया।उपरोक्त चेकिंग टीम में लाइनमैन मिश्री लाल, सुरजीत, तहसीलदार, विजय, राजेन्द्र, राकेश आदि शामिल रहे।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।